CMYK

# शाह टाइम्स

26 JANUARY HAPPY REPUBLIC DAY

मेरठ, सोमवार 26 जनवरी 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 237 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### जश्न-ए-जम्हूरियत



गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को दिया जाएगा पद्मश्री सम्मान**

**शिबू सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण पुरस्कार सम्मान**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी / एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा। शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्हें भी दिया गया पद्मश्री-गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के एकलौते गायक, गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं। वे पांडुन का कड़ा के एकलौते लोक गायक हैं। गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। उन्होंने देश-विदेश में कई जगह भपंग वादन और पांडुन का कड़ा की प्रस्तुतियां दी है। उन्हें पांडुन का कड़ा के 2500 से ज्यादा दोहे याद हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।

# बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान बनाया: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोलीं: भारत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा**

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं, आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है।

साल 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। हमारे देश की दशा बदली। भारत स्वाधीन हुआ। हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निर्माता बने। उन्होंने कहा कि 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेलकूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आंतरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारे देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों के दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी। उन्होंने कहा कि इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आंतरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐ वतन, ऐ वतन.. के रचयिता ताहिर फराज का निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब के मशहूर और प्रतिष्ठित शायर ताहिर फराज (72) का शनिवार देर रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रामपुर के रहने वाले ताहिर फराज का जन्म 29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। फिल्मों के लिए काम और मुशायरों के सिलसिले में पूरी दुनिया में आने-जाने वाले श्री फराज मुंबई एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहीं उनके सीने में तेज दर्द हुआ और एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ताहिर फराज मंच के मकबूल शायर थे। उनकी गजलें सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती थी। उन्होंने फिल्मों के लिए भी गाने लिखे और उनकी गजलों को जगजीत सिंह जैसे गायकी के उस्तादों ने आवाज दी।

### दिग्गज पत्रकार मार्क टुली का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज पत्रकार और ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के पूर्व संवाददाता मार्क टुली का रविवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह करीब 90 वर्ष के थे। ब्रिटिश मूल के इस पत्रकार की ख्याति ऐसी थी कि ब्रिटिश नागरिकता के बावजूद उन्हें 'दिल' से भारतीय कहा जाता था। उनका जन्म 1935 में कोलकाता में हुआ था और वहीं उनका बचपन बीता। फिर वह अपनी स्कूली शिक्षा के लिए दार्जिलिग के बोर्डिंग स्कूल चले गए। इक्कीस साल की उम्र में वह कॉलेज की पढ़ाई के लिए लंदन चले गए, जहां उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद पादरी बनने के लिए सोचा, लेकिन वह फौज में चले गए।

### राहुल गांधी ने फिर उठाया वायु प्रदूषण का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा फिर उठाते हुए कहा है कि इससे बच्चों और बुजुर्गों पर बुरा असर पड़ रहा है और दिहाड़ी मजदूरों का जीवन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। श्री गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वायु प्रदूषण की भारी कीमत हम चुका रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर 982 पुलिस कर्मियों को सेवा मेडल

**■ इनमें 125 वीरता पदक शामिल**

**■ जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 45 मेडल**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 33 वीरता पदक मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस (31), उत्तर प्रदेश पुलिस (18) और दिल्ली पुलिस (14) का स्थान है।


# मन की बात- नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटें: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ पीएम ने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं, कहा: भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है।

लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रोडक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी, क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।




# आज के कटु संबंधों को देखते हुए असंभव सी बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ भारत ने जब गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया पाकिस्तान को**

**नई दिल्ली।** भारत अपने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लगभग हर साल किसी न किसी देश के शासनाध्यक्ष या राजनेता को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता रहा है।

यह आमंत्रण दो देशों या समूहों के बीच कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण साधन के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं, लेकिन ऐसा भी हुआ है कि इस समारोह में पड़ोसी और धुर-प्रतिद्वंद्वी देश पाकिस्तान के राजनेताओं को दो बार आमंत्रित किया है। अपने पांचवें गणतंत्र दिवस (1955) में भारत ने पहली बार अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के तत्कालीन गवर्नर जनरल मलिक गुलाम मोहम्मद को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। यह आज के कटु संबंधों को देखते हुए एक असंभव सी बात लगती है, लेकिन तब भी रिश्तों में कोई बहुत मिठास नहीं थी, हालांकि तब इतनी खटास भी नहीं थी। दोनों नवनिर्मित देश अपनी-अपनी समस्याओं से तो जूझ ही रहे थे, लेकिन अपने संबंधों को लेकर भी जूझ रहे थे, ऐसे में भारत ने मलिक गुलाम मोहम्मद को आमंत्रित कर एक उदार और साहसी कदम उठाया था। मलिक गुलाम मोहम्मद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी और हैदराबाद निजाम के लिए वित्तीय सलाहकार के रूप में काम किया था। तब दोनों देशों के आकार लेते रिश्तों की पृष्ठभूमि में भारत यह उम्मीद कर रहा था कि श्री मोहम्मद के भारत से व्यक्तिगत जुड़ाव का दोनों देशों के संबंधों को सकारात्मक लाभ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के किसानों को बड़ी राहत: केंद्र खरीदेगा 3.37 लाख टन अरहर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के किसानों के हित में रविवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए राज्य के किसानों से 3.37 लाख टन तूअर (अरहर) दाल की खरीद को हरी झंडी दे दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस मद में लगभग 2,696 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। महाराष्ट्र के विपणन मंत्री जयकुमार रावल के साथ हुई उच्चस्तरीय बैठक में चौहान ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबध है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि खरीद की प्रक्रिया इस तरह से संचालित की जाए कि बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो जाए और लाभ सीधे वास्तविक किसानों की जेब तक पहुंचे। किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए चौहान ने नेफेड और एनसीसीएफ को निर्देश दिया कि वे राज्य सरकार के साथ बेहतर तालमेल बिठाकर काम करें।

### शंकराचार्य विवाद के जल्द समाधान का है भरोसा: डा. इंदेश

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार ने दावा किया है कि प्रयागराज में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के मुद्दे को लेकर चल रहा विवाद का समाधान जल्द निकल आएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार इटावा मुख्यालय पर स्थापित नारायण कॉलेज में आयोजित खिचड़ी भोग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के साधु संत, महात्मा और सरकार इस मामले को सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# अहंकार में धार्मिक धरोहरें मिटा रही भाजपा: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर तीखा हमला बोला

**लखनऊ।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तोड़फोड़ पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह 'भाजपाई अहंकार का भूकंप' है, जो मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहा है और पूज्य वृक्षों की जड़ों तक उखाड़ी जा रही हैं।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों, संत-महात्माओं और सदियों पुरानी विरासत के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दृश्यों को देखकर हर संवेदनशील नागरिक का मन विचलित होना स्वाभाविक है। उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को ऐसे किसी भी कार्य से बचना चाहिए, जिससे धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता प्रभावित हो। अखिलेश यादव ने भाजपा समर्थकों से भी आत्ममंथन करने की अपील करते हुए कहा कि देश और समाज सर्वोपरि हैं और किसी भी राजनीतिक एजेंडे से ऊपर होने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने मांग की कि वाराणसी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर हो रहे कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सौंदर्यीकरण या विकास के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहर या पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और जरूरत पड़ी, तो जनभावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी।

## जनगणना पर अखिलेश का बयान राजनीतिक हताशा का परिचायक: श्रीवास्तव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान बौधिक खोखलेपन के साथ-साथ राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ खुद को अनुभवी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत 22 जनवरी 2026 को जारी राजाज्ञा के बिदु संख्या 12 में स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों का विवरण दर्ज किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनगणना में जाति का कॉलम नहीं होने की बात कहना पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने ही सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मजाक का विषय बनते जा रहे हैं, क्योंकि उनके बयान सरकारी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते।

# अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के बाहर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

प्रयागराज, वार्ता

प्रयागराज माघ मेले में शनिवार देर रात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से कल्पवासी थाना अध्यक्ष को दी इस मामले में तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने इसे स्वयं के लिए खतरा बताते हुए कहा कि शिविर में रह रहे श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को भी हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिविर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व पहुंच गए, वह हाथों में लाठी डंडे और झंडा लेकर के भगवा झंडा लिए हुए थे। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने लगे,बाहर से आए युवकों ने उपद्रव मचाने की कोशिश की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सेवकों और जबरन घुसे लोगों के बीच हाथापाई हुई। उनके सेवकों ने हंगामा कर रहे लोगों को शिविर से बाहर निकाला। आरोप है कि प्रदर्शन करने आए लोगों ने कुछ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दिया है, कि अगर शरारती तत्व शिविर में पुन: प्रवेश करते हैं, तो श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

# विभिन्न नदियों के नाम पर होंगे गणतंत्र दिवस परेड में दर्शक दीर्घाओं के नाम

नई दिल्ली, वार्ता

गणतंत्र दिवस परेड में इस वर्ष अनूठी पहल के तहत परेड देखने आने वाले लोगों के लिए बनी दर्शक दीर्घाओं के नाम देश की विभिन्न नदियों के नाम पर रखे गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार नदियां गहन सांस्कृतिक प्रतीक हैं जो सभ्यताओं की जीवनधारा, सामूहिक विरासत और सांस्कृतिक विविधता के भंडार के रूप में कार्य करती हैं।

नागरिकों को इसका एहसास कराने के लिए इस बार देश भर में बहने वाली नदियों ब्यास, ब्रह्मपुत्र, चंबल, चिनाब, गंडक, गंगा, घाघरा, गोदावरी, सिधु, झेलम, कावेरी, कोसी, कृष्णा, महानदी, नर्मदा, पेन्नार, पेरियार, रावी, सोन, सतलुज, तीस्ता, वैगई और यमुना के नाम पर दर्शक दीर्घाओं का नाम रखा गया है। मंत्रालय का कहना है कि जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के विशेष अतिथि के रूप में कर्तव्य पथ पर इस गणतंत्र दिवस परेड में जल योधाओं सहित कुल 163 विशेष अतिथि होंगे, जिनमें उत्तराखंड के 28, झारखंड के 10, बिहार के 40 और उत्तर प्रदेश के 85 लोग हैं। इसमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन और भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त सहयोग से गंगा की पारिस्थितिकी, अखंडता तथा जैव विविधता के संरक्षण और स्वच्छता के लिए काम करने वाले स्थानीय समुदायों से गंगा प्रहरी-नदी के संरक्षक और प्रशिक्षित स्वयंसेवक शामिल हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गंगा प्रहरियों के अलावा, जलीय जीवों यानी डॉल्फीन, कछुओं आदि के संरक्षण और संरक्षण में शामिल निजी नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों और नदी संरक्षण और सामुदायिक पहुंच को भी गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए आमंत्रित किया गया है।

## गणतंत्र दिवस पर स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

# सैकड़ों अधिकारी-कर्मचारी बने सम्मान के हकदार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कुल 715 पुलिस अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस के कुल 715 अधिकारियों सहित कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा और विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश की ओर से जारी सूची के अनुसार प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों, कमिश्नरेट, एसटीएफ, पीएसी, यूपी-112, रेडियो मुख्यालय, सुरक्षा मुख्यालय और अन्य विशेष इकाइयों में तैनात पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह, सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह तथा प्रशंसा चिन्ह (स्वर्ण, रजत और प्लेटिनम) प्रदान किए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह पाने वालों की टॉप सूची में इंस्पेक्टर सदाशिव मौर्य, पवन कुमार सिंह, लोकेंद्र कुमार झा, हरिकेश राय, विनय कुमार सिंह, गुलाब त्रिपाठी और दिलीप कुमार मिश्र के नाम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसके अलावा सब-इंस्पेक्टर स्तर पर क्यूआर सिंह, प्रदीप कुमार सिंह और सूर्यभान द्विवेदी को भी उत्कृष्ट श्रेणी में चुना गया है। वीरता पदक पाने वालों में इंस्पेक्टर संतोष कुमार, सब-इंस्पेक्टर सौरभ मिश्रा, हेड कांस्टेबल कविंद्र, अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, इंस्पेक्टर अमीत, हेड कांस्टेबल बैजनाथ राम, मनोज कुमार सिंह, सब-इंस्पेक्टर अतुल चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक राकेश, उप पुलिस अधीक्षक धर्मेश कुमार शाही, इंस्पेक्टर सत्य प्रकाश सिंह, सब-इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, उप पुलिस अधीक्षक रजनीश कुमार उपाध्याय, सब-इंस्पेक्टर जर्रार हुसैन, सुनील सिंह तथा कांस्टेबल कुनाल मलिक शामिल हैं। सराहनीय सेवा पदक पाने वालों में आईजी आकाश कुलहरि, अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक घनश्याम, डीसीपी नीरज कुमार पांडेय, डीसीपी दीपेंद्र नाथ चौधरी, एसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव, डीसीपी अतुल कुमार श्रीवास्तव, कमांडेंट निहारिका शर्मा, डीसीपी डा. प्रवीण रंजन सिंह, कमांडेंट संजीव कुमार बाजपेई, एसपी रोहित मिश्रा, एएसपी प्रेम चंद, कमांडेंट सर्वेश कुमार मिश्रा, एएसपी सत्यपाल सिंह, एएसपी राहुल मिथास और एएसपी राज कुमार प्रमुख हैं।

## शिवांग वर्मा बतौर वॉटर वॉरियर गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित

**लखनऊ।** जिला गंगा समिति, लखनऊ के जिला परियोजना अधिकारी शिवांग वर्मा को नदी संरक्षण एवं जन-जागरूकता के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए गणतंत्र दिवस परेड 2026 के अवसर पर नई दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा द्वारा शिवांग वर्मा का चयन 'वॉटर वॉरियर' के रूप में किया गया है। वर्तमान में जिला गंगा समिति, लखनऊ के साथ जिला परियोजना अधिकारी के रूप में कार्यरत शिवांग वर्मा गोमती नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियानों में सक्रिय रूप से संलग्न रहे हैं। उनके प्रयासों का मुख्य फोकस व्यवहार परिवर्तन, सामुदायिक सहभागिता और नदी-केंद्रित पर्यावरणीय उत्तरदायित्व पर रहा है। यह कार्य जिला मजिस्ट्रेट, लखनऊ विशाख जी के मार्गदर्शन तथा प्रभागीय वन अधिकारी, लखनऊ सितांशु पांडेय के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में किया जा रहा है। गोमती नदी के अतिरिक्त, शिवांग वर्मा ने कुकरैल नदी से जुड़े जागरूकता एवं संवेदनशीलता कार्यक्रमों का नेतृत्व एवं सहयोग भी किया है।



सेंसेक्स 81537.70
निफ्टी 25048.65



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# वृहद आर्थिक कारकों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही भारी गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर आर्थिक सर्वेक्षण और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के बयान जैसे बड़े घरेलू तथा वैश्विक कारकों का असर दिखेगा।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्रीनलैंड मुद्दे पर यूरोपीय उत्पादों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने से पिछले सप्ताह वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपये के ऐतिहासिक निचले स्तर तक लुढ़कने से भी निवेश धारणा कमजोर रही। वित्त वर्ष 2025.26 का आर्थिक सर्वेक्षण 29 जनवरी को संसद में पेश किया जाएगा। औद्योगिक उत्पादन के दिसम्बर के घरेलू आंकड़े भी इसी सप्ताह आने हैं। वैश्विक स्तर पर भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों में प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक 27.28 जनवरी को होने वाली है। बीते सप्ताह पांच में से चार कारोबारी दिवस प्रमुख सूचकांकों में गिरावट रही जबकि गुरुवार को तेजी देखी गई। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 2,032 अंक (2.43 प्रतिशत) लुढ़क गया और शुक्रवार को 81,537.70 अंक पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की निफ्टी- 50 सूचकांक 645.70 अंक यानी 2.51 प्रतिशत गिरकर सप्ताहांत पर 25,048.65 अंक पर बंद हुआ। प्रमुख सूचकांकों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों में अधिक गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 4.65 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 5.81 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। एनएसई में सप्ताह के दौरान रियलटी सेक्टर का सूचकांक सबसे अधिक 11.33 प्रतिशत लुढ़क गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह में 6.55 प्रतिशत की गिरावट रही।

# पहला मेड इन इंडिया पायलट प्रशिक्षण विमान साल के अंत तक भरेगा उड़ान

**नई दिल्ली।** किसी निजी कंपनी द्वारा निर्मित देश का पहला स्वदेशी पायलट प्रशिक्षण विमान डायमंड डीए40 इस साल के अंत तक उड़ान भर सकता है। डीए40 विमानों की निर्माण शक्ति एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड कर रही है, जो भारत के शक्ति समूह और ऑस्ट्रिया के डायमंड एयरक्राफ्ट इंडस्ट्रीज का साझा उपक्रम है।

कंपनी ने मार्च 2025 में देश में इन विमानों की आपूर्ति शुरू की थी, लेकिन इनका भारत में निर्माण अभी नहीं हो रहा है। कंपनी ने ई-मेल पर भेजे गए सवालों के जवाब में बताया कि वह तमिलनाडु के त्रिपुर में डीए40 विमानों के निर्माण के लिए एसेंबली लाइन बना रही है। उत्पादन के लिए सभी उपकरण वहां पहुंच चुके हैं। इसे इस साल के मध्य तक डीजीसीए से सीएआर 21 प्रमाणन मिलने की उम्मीद है। इसके बाद अंतिम असेम्बली शुरू होगी। कंपनी ने बताया कि वह इस साल की अंतिम तिमाही (अक्टूबर- दिसम्बर) के दौरान इन विमानों की डिलिवरी शुरू करेगी। एसएआईपीएल ने परियोजना के पहले चरण में 450 करोड़ रुपये के पूंजी निवेश की योजना बनाई है। भारतीय कंपनियों की जरूरतें पूरी करने के अलावा कंपनी की योजना भारतीय उपमहाद्वीप के दूसरे देशों में भी डीए40 एनजी विमानों के निर्यात की है।

# चावल, दालों में साप्ताहिक तेजी, गेहूं चीनी नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के विपरीत गेहूं और चीनी में नरमी रही। दालों के भाव बढ़ गए, जबकि खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 23 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,818 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं 28 रुपये सस्ता हुआ और सप्ताहांत पर 2,839 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा 12 रुपये सस्ता हुआ और 3,299 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति भी 12 रुपये सस्ता हुआ। सूरजमुखी तेल का भाव 98 रुपये और पाम ऑयल का 85 रुपये बढ़ गया। मूंगफली तेल 77 रुपये और सोया तेल 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सप्ताह के दौरान तुअर दाल औसतन 83 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ी। उड़द दाल 42 रुपये और मसूर दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 19 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव छह रुपये प्रति क्विंटल बढ़े। वहीं चीनी सात रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7732.66 रुपये, मसूर काली 8094.61 रुपये, मूंग दाल 10101.26 रुपये, उड़द दाल 10413.24 रुपये, तुअर दाल 10564.92 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2839.01 रुपये और चावल 3818.48 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3298.87 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4288.20 रुपये और गुड़ 4981.68 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17563.37 रुपये, मूंगफली तेल 17764.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16059.25 रुपये, सोया तेल 13839.77 रुपये, पाम ऑयल 12545.23 रुपये और वनस्पति 14479.92 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान सुरक्षित रहे: प्रिंस सोनी

**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस सोनी ने कहा कि तिरंगे का वास्तविक सम्मान तभी संभव है, जब देश का संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं, जिन्हें आम आदमी पार्टी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगी।

प्रिंस सोनी गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर लखनऊ में आयोजित तिरंगा पदयात्रा को संबोधित कर रहे थे। संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में आम आदमी पार्टी लखनऊ इकाई की ओर से भव्य तिरंगा पदयात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने किया। पदयात्रा छोटा इमामबाड़ा से शुरू होकर रूमी गेट, हुसैनाबाद पहुंची, जहां सामूहिक राष्ट्रगान के साथ इसका शांतिपूर्ण समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान हाथों में तिरंगा लिए कार्यकर्ता भारत माता की जय और संविधान बचाओ-लोकतंत्र बचाओ के नारों के साथ आगे बढ़ते नजर आए। देशभक्ति गीतों की गूंज से पूरा इलाका राष्ट्रप्रेम के रंग में रंगा रहा। मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। लप्रस सोनी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे वास्तव में जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं।

# विश्व के कोने-कोने तक गूंजी उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान

लखनऊ, वार्ता




उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के तीन दिवसीय समारोह (24-26 जनवरी) की शुरुआत के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना ने भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई। उद्घाटन दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव न केवल प्रदेश के कोने-कोने में, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के अनेक देशों में भी आयोजित किया गया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी व्यापक रूप से मनाया गया। मालदीव, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, रूस, मंगोलिया, सिगापुर, श्रीलंका और म्यांमार सहित लगभग 15 देशों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी समुदाय एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फिल्म प्रदर्शन और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, कलात्मक परंपराओं और विकसित होती पहचान को प्रस्तुत किया गया, जिससे विदेशों में बसे भारतीय समुदायों में गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल हुई। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर प्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय मंच से भी गर्मजोशी भरी शुभकामनाएं प्राप्त हुईं। जापान के ओसाका-कोबे, फ्रांस के सेंट डेनिस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, श्रीलंका के जाफना, यूनाइटेड किगडम तथा यूरोप के लिथुआनिया में स्थित भारतीय मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों द्वारा भेजे गए संदेशों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया। पर्यटन मंत्री ने जानकारी दी कि दूतावास स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और क्यूरेटेड प्रेज़ेंटेशन शामिल रहे। रूस स्थित भारतीय दूतावास में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वहीं बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास एवं टैगोर सेंटर में प्रदेश की समृध परंपराओं, प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवंत कला रूपों को प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को परंपरा और प्रगति के संगम के रूप में प्रदर्शित किया गया। मंगोलिया, सिगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, सेंट डेनिस, कांगो डीआर और जाफना से भी इसी प्रकार के आयोजनों की जानकारी आधिकारिक मिशन संचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त हुई। व्यापक जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश भी प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के पहले दिन देश के लगभग 20 राज्यों में उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ नेताओं एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया गया। दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, तमिलनाडु और गोवा सहित कई राज्यों में आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में उपराज्यपाल कार्यालय, मुंबई, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब समेत अनेक स्थानों पर स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए, जो उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के प्रति देशव्यापी सहभागिता और एकजुटता को दर्शाते हैं। प्रदेश भर में पहले ही दिन उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव जनपदों में व्यापक रूप से मनाया गया। 24 जनवरी को सिधार्थनगर, भदोही, हाथरस, एटा, सोनभद्र, चंदौली, कन्नौज, औरैया, बहराइच, संभल, श्रावस्ती, कानपुर, कुशीनगर, बिजनौर, इटावा, चित्रकूट, गाजीपुर, गोंडा सहित लगभग 30 जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन आयोजनों में स्थानीय संस्कृति, लोक परंपराएं, सामाजिक पहलें और विकासात्मक उपलब्धियों को केंद्र में रखा गया, जबकि आगामी दो दिनों में और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं। 24 जनवरी को राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर आयोजित किया गया, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ गणमान्य अतिथियों और राज्य नेतृत्व की गरिमामई उपस्थिति रही। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक समृधि, विकास यात्रा और भविष्य की आकांक्षाओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।


Proprietor.: Maaz Media Co.
Maaz Water Bottle Distributor
gallons
HEXA SERIES
PREMIUM WATER
Contact Us For
9456200058
9721670058
Happy Republic Day


सभी देशवासियों को गणत्रंत दिवस की दिली मुबारकबाद
शान मुहम्मद
वार्ड-29 जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी
छात्र नेता सीसीएस यूनिवर्सिटी एवं
माछरा डिग्री कॉलेज
पश्चिम प्रभारी भीम आर्मी छात्र सभा यूपी


सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अग्रवाल आयरन स्टोर
दीपक सिंघल
(प्रोपराइटर)
लक्ष्य सिंघल
(व्यापारी)
रामलीला ग्राउण्ड, बहसूमा रोड, रामराज, जिला मेरठ।


सभी ग्रामवासियो को
गणतंत्र दिवस
कि हार्दिक शुभकामनाएँ
ना घोटाला होगा
ना भ्रष्टाचार होगा
ना जातिवाद होगा
अबकी बार सबका साथ
सबका विकास होगा
बिल्लू सिरोही
प्रधान पद के उम्मीदवार


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
बिजेन्द्र सूद
भीम आर्मी मेरठ।


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद चहल
(पूर्व चेयरमैन)
नगर पंचायत बहसूमा
मो. 8273968281


सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दशमेश पब्लिक स्कूल (रामराज)
सिम्मी सहोता
(डायरेक्टर)
आमिर खान
(प्रधानाचार्य)
सैफपुर फिरोजपुर, रामराज, मेरठ। मो. 9897363103


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री स्वामी बालचन्द्रानंद इंटर कॉलेज सदरपुर
अभिषेक देशवाल
(अध्यक्ष)
प्रभात सिंह उर्फ टीटू
(सदस्य)


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहन सैनी
(मंडल अध्यक्ष)
ओ.बी.सी. मोर्चा भाजपा
एवं प्रत्याशी
नगर पंचायत अध्यक्ष
कस्बा लावड़, मेरठ।


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
गोयल बुक एंड प्रोविजन स्टोर
पारस गोयल
निवास स्थान रामराज
मो. 8449522488


सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आरोही मैडिकल व जनरल स्टोर (बहसूमा)
मास्टर लोकेंद्र चौधरी
मो. 9557035907
सोनू चौधरी


सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार अमृतपाल सिंह
कुंवरवीर भारत गैस एजेंसी
रामराज एवं रामराज हाउसिंग
सोसायटी चेयरमैन एवं पूर्व मंत्री
रामराज (मेरठ) मो. 9997774444


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप मैमोरियल जगदंबा हॉस्पिटल
डॉ. पवन गोयल
(एमबीबीएस)
डॉ. अंशु गोयल
(बीएएमएस)
बटावली रोड, कैलाशपुरी, बहसूमा, जनपद मेरठ।


सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
अभिषेक उर्फ शेकू चौधरी
युवा जिलाध्यक्ष भारतीय
किसान यूनियन तोमर
जिला मेरठ। मो. 9997079540


सभी जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेन्द्र उर्फ पप्पू प्रधान
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
निवास स्थान तारापुर, मो. 9719735707


वार्ड नं० 12 के सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस शब-ए-बरात
रमजान उल मुबारक
की दिली मुबारकबाद
फजर पाँचली
जिला पंचायत प्रत्याशी
वार्ड नं० 12 मेरठ


सभी छात्र-छात्राओं व क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
" The Coaching Guru "
MEC
MAHALKA
EDUCATION CENTRE
....हर कदम आपके साथ
काबिलियत से कामयाबी तक
MEC-LAWAR & MAHALKA
शहजाद नसीर
(M.D. MEC)
(प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित)


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज चाहल
जिला महासचिव
राष्ट्रीय लोकदल मेरठ
मो 8923027728


आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की ढेर सारी शुभकामनाएं
जय हिंद, जय भारत
सचिन सुकड़ी चेयरमैन
बहसूमा मेरठ
मो.8126928396


वार्ड नम्बर 12 से जिला पंचायत
सदस्य पद के भावी उम्मीदवार
ASP
हसीन उर्फ मुन्ना भैय्या
की ओर से
ग्राम जसड़ सुल्तान नगर वाले
गणतन्त्र दिवस व शब-ए-बारात
की
दिली मुबारकबाद
हसीन उर्फ मुन्ना भैय्या
जिला पंचायत सदस्य पद के भावी उम्मीदवार
एड० चन्द्रशेखर आजाद
ये हम सबने ठाना है हसीन उर्फ मुन्ना भैय्या को जिला पंचायत सदस्य बनाना है


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी मनोज कुमार
प्रबंधक
श्री स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज सदरपुर
मो.न.9837179042


सभी जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रोहित उर्फ मोनू बंसल
जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा
प्रबंधक बाल शिशु मंदिर रामराज
मो०न० 9897644206


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी अजीज अहमद
(राष्ट्रीय सचिव)
समाजवादी पार्टी


आप सभी को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ईशा कौशिक
(सचिव)
एलीट क्लब मवाना


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुमित चाहल
चैयरमेन पद के भावी
प्रत्याशी एवं समाजसेवी
मो.न.7017132368, 8923118182


सभी जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधान सुरेन्द्रपाल सिंह
ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर शकिस्त।
मो०न० 9897672199


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
तशरीफ चौहान
(प्रधान प्रत्याशी)
ग्राम पंचायत
पांचली बुजुर्ग


आप सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
गुरु रविदास जंयती
महाशिवरात्रि
माहे रमजान
होली एवं ईद-उल-फितर
की हार्दिक शुभकामनाएं
एड. चन्द्रशेखर आजाद
सांसद नगीना लोकसभा
राष्ट्रीय अध्यक्ष आसपा
वार्ड नं. 6
आपका बेटा-आपका भाई
वाईज अब्बास महलका
जिला पंचायत सदस्य पद
के भावी प्रत्याशी
Ph. 9650568323, 9871468323
निवेदक : समस्त क्षेत्रवासी


सभी जनपदवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ समीर वर्मा
प्रधानाचार्य
डीमोन्टफोर्ट एकेडमी मौड़खुर्द
मो०न० 9412200575


सभी क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ब्रम्हचारी सिंह प्रबंधक
श्रीमति भावना चौधरी प्रधानाचार्या
श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज बहसूमा
मो०न० 9837277311

# तेज रफ्तार वेगनार डिवाइडर से टकराई, चार लोग घायल



शाह टाइम्स संवाददाता

**सरूरपुर।** करनाल हाईवे पर सोमवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। मिली जानकारी के अनुसार एक वेगनार कार तेज गति से मेरठ से शामली की ओर आ रही थी।

पांचली बुजुर्ग कट पर इसी दौरान अचानक सामने से आए एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने गाड़ी पर नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित कार सीधे हाईवे के डिवाइडर में जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के समय कार में चार लोग सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना होते ही मौके पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए घायलों को बाहर निकाला और निजी वाहनों की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## फलावदा में युवा दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**फलावदा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा युवा दिवस के अवसर पर रविवार को नगर के काले सिंह मंदिर परिसर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कबड्डी, व दौड़, बैडमिंटन के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन खंड सह संच. ालक यशपाल बिश्नोई ने किया इस अवसर पर जिला विद्यार्थी प्रमुख राहुल, खंड व्यवस्था प्रमुख हरपाल, नगर मंडल सह कार्यवाह आर्यन कुमार, नगर मंडल विद्यार्थी प्रमुख कुणाल एवं अंशुमान, अरुण, विनय, अंकित, अवनीश एवं आकाश उपस्थित रहे। प्रतियोगिताओं में पहले नंबर पर स्वामी विवेकानंद टीम, दूसरे नंबर पर भगत सिंह टीम, तीसरे नंबर पर राजगुरु टीम के छात्रों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, मानसिक विकास के साथ साथ भारतीय संस्कृति एवं अनुशासन की भावना को प्रबल करना रहा। समापन पर गणमान्य मौजूद रहे।

# मतदाता दिवस मनाया गया



नवजीवन इंटर कॉलेज में कार्य करते बीएलओ।

शाह टाइम्स संवाददाता


**बहसूमा।** कस्बे के नवजीवन इंटर कॉलेज में रविवार को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ और जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य योगेश चौहान ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा अपने वोट का निर्भीक होकर अवश्य मतदान करें। वहीं कॉलेज परिसर में सुपर वाइजर विनय कुमार, बीएलओ बिन्दर नागर, सुनील कुमार, मुन्ना लाल यादव, नीरज कुमार, जय भगवान ने बैठकर मतदाताओं की समस्याओं का निस्तारण किया। जिन लोगों की वोट किन्हीं कारणों से निरस्त हो गई है उनसे पुनः उनके एड्रेस वेरीफिकेशन के लिए जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पासपोर्ट आदि की आईडी की फोटो कॉपी मांगी है। कॉलेज परिसर में जागरूक मतदाताओं ने अपनी वोट की जानकारी ली।

# बहसूमा में होने वाले हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आयोजकों ने क्षेत्र में बांटे आमंत्रण पत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहसूमा।** मेरठ-बिजनौर मार्ग पर नगर के समीप स्थित जीवा फार्म हाउस में 30 जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजित किये जाने को लेकर आमंत्रित पत्र वितरित किये गये, तथा हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंद. ुओं की एकता को मजबूत करना और उन पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाना है। रविवार को आयोजक समिति ने कस्बे में आमंत्रण पत्र वितरित किये। आयोजक समिति के कार्यकर्ताओं ने लोगों से 30 जनवरी को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह सम्मेलन 30 जनवरी को नगर के समीप मेरठ बिजनौर रोड जीवा फार्म हाउस में आयोजित होगा। इसमें प्रांत संगठन मंत्री एवं मुख्य वक्ता अरूण कुमार संबोधित करेंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य पूर्व चैयरमेन विनोद चाहल, ऋषभ गोयल, गौरव



राजवंशी, सभासद अरूण कुमार, विष्णु शर्मा, विजय अहलावत, चेयरमैन सचिन कुमार सुकड़ी, रामराज खंड संघ संचालक मास्टर ब्रह्मचारी सिंह, मनीष अहलावत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के सम्मान में निकली आप की तिरंगा पदयात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी, द्वारा एक भव्य एवं अनुशासित तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अंकुश चौधरी के नेतृत्व में निकाली गई।

तिरंगा पदयात्रा का शुभारंभ मेरठ दक्षिण स्थित चार खंबे से हुआ, जो भूमिया के पुल, हापुड़ अड्डा होते हुए गांधी आश्रम, पहुंची, जहां पूरे सम्मान और गरिमा के साथ इसका समापन किया गया। पदयात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की गूंज, हाथों में लहराता तिरंगा और भारत माता की जय, संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ के नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति और जनचेतना से ओतप्रोत रहा। इस तिरंगा पदयात्रा में आप के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक शामिल हुए। मार्ग में जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा का भव्य



स्वागत किया। गांधी आश्रम पहुंचकर पदयात्रा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अंकुश चौधरी ने कहा कि आज देश में राष्ट्रवाद के नाम पर संविधान को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं। आम आदमी पार्टी स्पष्ट कहना चाहती है कि तिरंगे का सम्मान तभी सार्थक है, जब संविधान और लोकतंत्र सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखित संविधान देश के गरीब, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक और आम नागरिक की ढाल है। जो लोग संविधान बदलने की बात करते हैं, वे असल में आम जनता के अधिकार छीनना चाहते हैं। अंकुश चौधरी ने आगे कहा कि आज महंगाई, बेरा. ेजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए जनता को बांटने की राजनीति की जा रही है। इस अवसर पर अंकुश चौधरी के साथ जिला संरक्षक एस.के. शर्मा, महानगर अध्यक्ष अंकित गिरी रहे।

# गणतंत्र दिवस से पहले मेरठ में सुरक्षा कड़ी, टोल प्लाजा पर सघन वाहन चेकिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरूरपुर।** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जनपद मेरठ में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सख्त कर दिया गया है। संभावित खतरों को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है और प्रमुख मार्गों, बाजारों व संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में थाना सरूरपुर क्षेत्र के भूनी टोल प्लाजा पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की गहन तलाशी ली। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान 15 चालान काटे गए, जबकि विभिन्न



धाराओं में 11 अभियोग पंजीकृत किए गए। इस दौरान बिना कागजात, बिना हेलमेट और नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों पर विशेष रूप से कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आम जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह सख्त निगरानी और चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। पुलिस ने लोगों से सहयोग करने और संदिग्ध गतिविधि दिखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की।

## मतदाता दिवस पर बीएलओ सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय के अटल सभागार में आयोजित मतदाता दिवस कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी द्वारा विशेष पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस्माइल नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज से जुड़े तीन बीएलओ को सम्मानित किया गया। बूथ संख्या 181, 182 व 183 के बीएलओ उमेश कुमार, विनय कुमार और मनजीत सिंह को मतदाता सूची पुनरीक्षण में सराहनीय कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। अधिकारियों ने कहा कि बीएलओ लो. कतंत्र की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मान मिलना ही चाहिये।



## असगर अली चौहान के आवास पर हुई पंचायत और विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** समाजसेवी असगर अली चौहान के आवास पर रविवार को राजनीतिक नेताओं का जमावड़ा रहा। जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व राज्य मंत्री शकील भारती और समाज सेवी तशरीफ अली ने क्षेत्रीय पंचायत और सिवाल खास विधानसभा के बारे में राजनीतिक चर्चा हुई और अपने गांव रसूलपुर धौलडी में पूर्व में हुए विकास न होने से गांव वंचित रह गया। उन्होंने इस बार क्षेत्र में विकास करने वाले उम्मीदवार को ही वोट करने पर चर्चा की। इस दौरान कहा गया कि अब कि बार सर्व समाज की बात करने वाले को ही क्षेत्र के लोग चुनेंगे। इस मौके पर रमजानी चौधरी, ईसब आदि रहे।

## पुलिस के चेकिंग अभियान से मचा हड़कंप



शाह टाइम्स संवाददाता

**जानी खुर्द।** रविवार को जानी थाना पुलिस ने गणतंत्र दिवस के मौके पर जानी थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्र व सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार पुलिस फोर्स के साथ जानी नहर पुल सिवालखास पुल भोला झाल पर संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली। इस दौरान चेकिंग के दौरान हड़कंप मच गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर पुलिस ने दो पहिया वाहनों को भी बारीकी से चेकिंग किया। इस दौरान वाहन सवारों को हेलमेट के लिए जागरूक किया। पुलिस गणतंत्र दिवस के मौके पर हर चेक पॉइंट पर दिखाई दी और ढाबा रेस्टोरेंट पर भी उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली।

# आत्मरक्षा अब पढ़ाई का हिस्सा बनेगी: दुष्यंत त्यागी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** बच्चों एवं बालिकाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए। अमेरिकन किड्ज प्ले स्कूल और अमेरिकन स्कॉलर एकेडमी में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम नॉर्थ इंडिया सेल्फ डिफेंस फेडरेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से ही आत्म विश्वासी, सतर्क और आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन एनजीओ डायरेक्टर दुष्यंत त्यागी एवं सुश्री पायल द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक आदित्य ने बच्चों को उनकी आयु के अनुसार सरल, सुरक्षित और प्रभावी आत्मरक्षा तकनीकों का जीवंत प्रदर्शन कर प्रशिक्षण दिया, जिसे बच्चों और अभिभावकों ने खूब सराहा। इस मौके पर अमेरिकन ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. विक्रम प्रकाश लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में आत्मरक्षा केवल एक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि एक आवश्यक जीवन कौशल है। आने वाले नए शैक्षणिक सत्र से आत्मरक्षा प्रशिक्षण को स्कूल के नियमित पाठयक्रम Curriculum का हिस्सा बनाया जाएगा, ताकि हर बच्चा सुरक्षित, आत्मविश्वासी और मानसिक रूप से मजबूत बन सके।

कार्यक्रम में डॉ. मोहिनी लांबा फाउंडर डायरेक्टर सुश्री रवनीत कौर लांबा Marketing & Operations Head सुश्री प्रेरणा लांबा EÛecutive Director एवं सुश्री आयुषी शर्मा एडमिनिसट्रेटिव कॉरडिनेटर की गरिमामयी उपस्थिति रही। खेल एवं शारीरिक फिटनेस के महत्व को रेखांकित करते हुए स्पोर्ट्स कोच अतुल कश्यप एवं अनुज तोमर भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। एनजीओ डायरेक्टर ने कहा कि आत्मरक्षा अब विकल्प नहीं बल्कि आवश्यकता है।

## किठौर साप्ताहिक बाजार से कपड़े चुराते दो दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**मेरठ।** कस्बा किठौर में लगे साप्ताहिक बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान से खरीदारी करने के बहाने महिलाओं और पुरुष के गैंग ने 18 जोड़ी कपड़े साफ कर दिए। वहीं दुकान में कपड़े कम होने पर दुकान स्वामी ने एक महिला और युवक को पकड़ लिया। उनके साथ महिला कपड़े लेकर भाग खड़ी हुई। जिसके बाद दुकानदार ने दोनों को पुलिस को सौंप मुकदमा पंजीकृत कराया। लिसाड़ी गेट थाना क्षेत्र के ऊंचा सद्दी. कनगर निवासी दानिश पुत्र सिरा. जुद्दीन ने बताया कि वह कस्बा किठौर में साप्ताहिक बाजार में रेडीमेड कपड़ों की दुकान लगाता है। उसकी दुकान पर दो महिला और एक युवक समान खरीदने के बहाने दुकानें में घुसे और बातों में उलझाकर आठ सूट और दो टॉप चोरी कर लिए। वहीं उसने एक महिला और एक युवक को मौके पर पकड़ लिया जबकि एक महिला फरार हो गई। पीड़ित ने थाने में मुकदमा पंजीकृत कराया है। थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पल्लवपुरम जैन मंदिर में शांति विधान के दूसरे दिन भक्ति व साहित्य का संगम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरधना।** श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर, पल्लवपुरम में आयोजित त्रिदिवसीय शांति विधान के दूसरे दिन धर्म, भक्ति और साहित्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। आचार्य गुरुवर 108 भारत भूषण जी महाराज के सानिध्य में प्रातः कालीन कार्यक्रमों के अंतर्गत श्री जी का विधिवत अभिषेक एवं शांतिधारा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज के अनन्य श्रद्धालुओं द्वारा 108 अर्घ्य अर्पित कर शांति विधान को भक्तिभाव से संपन्न कराया गया। मंदिर परिसर श्रद्धा और भक्ति के वातावरण से ओतप्रोत रहा। आचार्य भारत भूषण महाराज ने अपने प्रवचनों में कहा कि धर्म से बढ़कर संसार में कुछ भी नहीं है। यदि किसी व्यक्ति के पास असंख्य धन-संपदा भी हो, तो वह धर्म के बिना शून्य के समान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में धर्म के पदचिन्हों पर चलना चाहिए, चाहे वह किसी भी समाज या संप्रदाय से संबंध रखता हो।



### रात्रि में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन

रात्रि के कार्यक्रमों में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए नाम. चीन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन के संयोजक सौरभ जैन सुमन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं भगवान पारसनाथ के चित्र अनावरण के साथ हुआ, जिसका सौभाग्य अरिहंत ज्वैलर्स परिवार को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर रहे। कवि सम्मेलन में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कवियों की रचनाओं को खूब सराहा और देर रात तक साहित्यिक आनंद लिया। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष पवन जैन, भाजपा नेता विनोद जैन, अमित जैन एडवोकेट, सह संयोजक दीपक जैन ज्योति हैंडलूम, अरिहंत जैन, निकुंज जैन, नितिन जैन बिट्टू, अमित जैन दादरी, जीसी जैन, आशु जैन, सौरभ जैन एडवोकेट, अभिषेक जैन, प्रियंक जैन सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सरूरपुर विद्युत उपकेंद्र से ट्रांसफार्मरों की बड़ी चोरी, लाखों का नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**सरूरपुर।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। ताजा मामला सरूरपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा है, जहां चोरों ने रात के अंधेरे में बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए कई विद्युत ट्रांसफार्मरों से कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना मध्य रात्रि की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरूरपुर उपकेंद्र से 11 केवी भूनी फीडर के जंगल क्षेत्र में लगे चार 25 केवीए तथा एक 63 केवीए ट्रांसफार्मर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर ट्रांसफार्मरों को खंभों से उतारकर उनके अंदर लगी कॉपर वाइंडिंग, एलटी-एचटी बुशिंग, राड, तेल सहित अन्य कीमती उपकरण निकाल ले गए। वारदात के बाद ट्रांसफार्मरों के खाली ढांचे मौके पर ही छोड़कर आरोपी फरार हो गए। बताया गया कि ये ट्रांसफार्मर भूनी निवासी अंकुर दत्त पुत्र बृजेश, राम कुमार पुत्र नेतराम, तेजवीर पुत्र शिवचरण और बसवेश्वर दयाल पुत्र नंदकिशोर की टयूबवेलों से संबंधित थे। इस चोरी से विद्युत विभाग को करीब 5 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक क्षति का अनुमान है। मामले में सरूरपुर बिजलीघर के अवर अभियंता सरदार सिंह ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ब्रज भूमि पहुंचे नितिन नवीन

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने मथुरा में बांके बिहारी मंदिर में पूजा–अर्चना की। नवीन का अध्यक्ष बनने के बाद यह ब्रज भूमि का पहला दौरा था। उन्होंने प्रदेश की सुख–समृद्धि और 'विकसित भारत' के लिए प्रार्थना की। दर्शन के बाद, दोनों नेताओं ने विधायक राजेश चौधरी के आवास पर जाकर उनकी दिवंगत माता को श्रद्धांजलि दी और परिवार को सांत्वना दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को बांके बिहारी की चौखट पर हाजिरी लगाई। दोनों नेताओं ने आराध्य के चरणों में शीश झुकाकर विधि–विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नितिन नबीन ने ठाकुर जी के समक्ष दीपक प्रज्ज्वलित किया और पुष्प अर्पित किए। दर्शन के बाद मंदिर सेवायतों द्वारा उन्हें प्रसाद भेंट किया गया।

भाजपा अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद पहली बार उत्तर प्रदेश की धरा 'ब्रज भूमि' पर पहुंचे नितिन नबीन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग आध्यात्मिक व राजनीतिक कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम भी साथ रहे। सीएम योगी के साथ गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक श्रीकांत शर्मा, मेघश्याम सिंह, राजेश चौधरी, पूरन प्रकाश, विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया, ओमप्रकाश सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिलाध्यक्ष निर्मल पांडेय आदि ने भी बांके बिहारी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

## बूथ की मजबूती से ही खिलेगा विकास का कमल: नितिन नवीन

eFkjkA ब्रज की पावन धरा आज केसरिया रंग में सराबोर नजर आई। अवसर था भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम मथुरा आगमन का हुआ अक्षय पात्र से लेकर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर तक, संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं का जोश यह बताने के लिए पर्याप्त था कि आगामी चुनौतियों के लिए भाजपा का किला पूरी तरह अभेद्य है।

कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वागत मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष की जुगल. बंदी ने कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया। मंच पर राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह जैसे दिग्गजों की उपस्थिति ने इसे एक बड़े संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

**मन की बात से हुई दिन की शुरुआत**–अपने प्रवास की शुरुआत मा० नितिन नवीन जी ने वृन्दावन स्थित अक्षय पात्र चंद्रोदय मंदिर से की। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें जीत का मंत्र दिया। उन्होंने अत्यंत ओजस्वी वाणी में कहा:भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल इसलिए है क्योंकि हमारे पास आप जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। मेरा मथुरा आगमन केवल एक दौरा नहीं, बल्कि इस पावन भूमि से आशीर्वाद लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प है। आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए हमें 'बूथ स्तर' पर अभेद्य घेराबंदी करनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी जी के सुशासन का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। याद रखिए, जब बूथ का कार्यकर्ता सक्रिय होता है, तो दिल्ली और लखनऊ में कमल अपने आप खिलता है। वहीं उन्होंने यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को संगठन के पदाधिकारियों के साथ सुना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में ब्रज के महत्व को रेखांकित करते हुए विपक्ष पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा ब्रज की यह पावन धरती धर्म, संस्कृति और कर्म की संगम स्थली है। पहले की सरकारों ने मथुरा और वृन्दावन को उपेक्षित रखा था, लेकिन आज यहाँ की तस्वीर बदल रही है। हम केवल सड़कों और पुलों का निर्माण नहीं कर रहे, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित कर रहे हैं। 'ब्रज तीर्थ विकास परिषद' के माध्यम से आज वृन्दावन से लेकर गोवर्धन तक विकास की गंगा बह रही है। कार्यकर्ता घर–घर जाकर सरकार की इन उपलब्धियों को बताएं और सुशासन के इस रथ को रुकने न दें।मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपराध मुक्त होकर निवेश का गंतव्य बन चुका है, और इसमें संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है।पत्रकार वार्ता और अनौपचारिक चर्चाओं के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की असली ताकत जमीन पर काम करने वाला कार्यकर्ता है। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया राष्ट्रीयअध्यक्ष नितिन नबीन ने बांके बिहारी के चरणों में टेका मत्था वहीं वे संगठनात्मक व्यस्तताओं के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष भक्ति के रंग में भी रंगे नजर आए। दोपहर लगभग 12.20 बजे वे ठाकुर श्री बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। भारी सुरक्षा घेरे और कार्यकर्ताओं के जयकारों के बीच उन्होंने आराध्य के दर्शन किए और विधिवत पूजा–अर्चना कर राष्ट्र कल्याण की कामना की।जमीनी नेतृत्व की रही सक्रिय वही मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा वृंदावन कट शिव ढाबा पर भव्य और दिव्या स्वागत किया।भागीदारीकार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रभारी अशोक कटारिया, जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने दिन–रात एक कर दिया। कैबिनेट मंत्री चौ० लक्ष्मीनारायण, मंत्री संदीप सिंह और पूर्व मंत्री मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा विधायक ठा. मेघश्याम सिंह विधायक राजेश चौधरी विधायक पूरन प्रकाश महापौर विनोद अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी सहित ब्रज क्षेत्र के सभी प्रमुख विधायकों और सांसदों की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता पर मुहर लगा दी। इस अवसर सांसद सतीश गौतम पूर्व विधायक कारिंदा सिंह ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी रामकिशन आदि रहे।

# हर वोट जरूरी-पहले मतदान-फिर जलपान

## माय भारत, एनसीसी व भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर लोकतंत्र के उत्सव में सराबोर नजर आया। जिले में मतदाता जागरूकता, सहभागिता और समावेशन को केंद्र में रखते हुए भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशासन, शैक्षिक संस्थानों, स्वयंसेवी संगठनों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अस्मिता लाल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की महत्ता और नागरिक जिम्मेदारी का संदेश पूरे कार्यक्रम में केंद्र में रहा।



कार्यक्रम के शुभारंभ सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को प्रेरक बना दिया। वेदान्तिक इंटरनेशनल स्कूल तथा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बावली के विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य और समूह-प्रस्तुति के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाया।

हमतदान देने जाएंगे भारत के लिए, मैं भारत हूँ जैसे गीतों पर प्रस्तुतियों ने युवाओं में राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और मतदान के प्रति गर्व का भाव जगाया। बच्चों की प्रस्तुतियों में लोकतंत्र, संविधान और नागरिक कर्तव्यों की झलक सफ दिखाई दी, जिसे उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ सराहा। इसी क्रम में माय भारत, एनसीसी तथा भारत स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों ने कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से हर वोट जरूरी, पहले मतदान, फिर जलपान जैसे संदेश गूंजे। रैली के दौरान राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत की बालिकाओं द्वारा बनाई गई। रंगोली ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया। जिलाधिकारी ने रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मकता के साथ दिया गया संदेश लंबे समय तक लोगों के मन में रहता है। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का बैज लगाकर लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूरे परिसर में उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण रहा। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई और यह संदेश दिया कि लोकतंत्र तभी सशक्त होता है, जब नागरिक अपने मताधिकार का जिम्मेदारी से प्रयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि एक जागरूक मतदाता ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की आधारशिला है। इस अवसर पर निर्वाचन प्रक्रिया को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्मिकों और नागरिकों का सम्मान भी किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले बूथ लेवल ऑफिसरों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता में सक्रिय योगदान देने वाले नागरिकों को भी प्रशस्ति पत्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि समाज के विभिन्न वर्गों में बुजुर्ग मतदाताओं, ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्यों और युवाओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। पहली बार मतदाता बने पाँच युवाओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनमें मतदान को लेकर गर्व और उत्साह देखने को मिला। तीनों तहसीलों से दो-दो उत्कृष्ट बीएलओ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के नौ विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। मौके पर मौजूद पत्रकार भी सम्मानित किए गए। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने संबा.धन में कहा कि विशेष प्रगाश पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में जिस प्रकार जिले के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि इसी सहभागिता के परिणामस्वरूप ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित की जा चुकी है। नागरिकों से अपील की गई कि वे ऑनलाइन माध्यम से अथवा अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें, ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी वर्गों की भागीदारी अनिवार्य है। युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी की भागीदारी से ही चुनावी प्रक्रिया समावेशी बनती है।

## जन-आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले व्यक्तियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि प्रशासन ने स्वीप बागपत एप पर इन सेवाओं को जोड़ा है जिससे नागरिकों को एक ही क्लिक पर जानकारी मिल सके। कार्यक्रम में एसआईआर और मतदाता जागरूकता अभियान को जन-आंदोलन बनाने में योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। पुरा महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी जयभगवान शर्मा को सामाजिक स्तर पर जागरूकता फैलाने के लिए सम्मान मिला। सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं तक लोकतांत्रिक संदेश पहुँचाने वाली पारुल चौधरी को भी सम्मानित किया गया। राज्य युवा पुरस्कार विजेता एवं स्वीप आइकॉन अमन कुमार को युवाओं के बीच मतदाता जागरूकता के लिए किए गए निरंतर प्रयासों के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इसके साथ ही माय भारत स्वयंसेवक निखिल एवं सेवानिवृत शिक्षिका ओमबीरी को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने वाले सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियों और कार्मिकों को भी सम्मानित किया गया। स्वीप गतिविधियों में विशेष योगदान के लिए जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं मतदाताओं को जागरूक बनाने में सूचना विभाग के कार्यों की प्रशंसा हुई। कार्यक्रम का संचालन नीतू कुमरा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता प्रीति शर्मा, अंतरिक्ष कुमार, उमेश कुमार, राम. निवास, संध्या रानी, नीतू यादव, डा.सुधा शर्मा, संगीत शिक्षक रमन कुमार आदि का योगदान रहा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला युवा अधिकारी, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी मलखान सिंह तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रदीप कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** संवेदनशील पहल बनी मिसाल, मानवीय कर्तव्यों का उत्सवरू राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बागपत कलेक्ट्रेट परिसर में लोकतंत्र के उत्सव के साथ-साथ सामाजिक संवेदनशीलता की भी सशक्त मिसाल देखने को मिली, जब मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के बीच नेत्रदान संकल्प पत्र अभियान कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित 50 से अधिक लोगों ने उत्साहपूर्वक नेत्रदान संकल्प पत्र भरकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के साथ-साथ मानवीय कर्तव्यों का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। मौजूद एसडीएम, मुख्य पुजारी, सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर, स्वीप आइकॉन, स्वयंसवेकों ने पहल करते हुए संकल्प पत्र भरा।



## खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन

**बडौत।** नगर में आईएमए ब्रांच बड़ौत ने एक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जिसमे सभी बड़ौत के सम्मानित डॉक्टर्स ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और अपने जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। साथ ही साथ एक मैसेज आम जनता को भी दिया कि आप सभी प्रतिदिन व्यायाम करें।

इस अवसर पर आईएमए ब्रांच बडौत सेक्रेटरी डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि अगर हमें अपने जीवन में स्वस्थ रहना है तो हमें प्रतिदिन खेल कूद प्रतियोगिता में भी भाग लेना चाहिए ताकि हमारे शरीर की नसों का खून हमारी नसों में दौड़ता रहे खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य रूप से डा.गीतांजलितोमर ने कहा कि महिलाओं को समय-समय पर खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए जब हम खेल कूद प्रतियोगिता और व्यायाम करेंगे तो हमारा शरीर स्वस्थ रहेगा। स्पोर्ट्स समारोह में डा.संजय जैन अध्यक्ष आईएमए ब्रांच बड़ौत तथा डा. पंकज कुमार सेक्रेटरी आईएमए बड़ौत के साथ सभी वरिष्ठ चिकित्सक डा.सुरेंद्र शर्मा, डा. सुखपाल तोमर, डा.विनोद जैन, डा.अनिल जैन, डा.प्रदीप जैन, डा. अरविन्द कुमार, डा.ओमबीर तोमर, डा.मनीष तोमर, डा.हरीश विश्वकर्मा, डा.गीतांजलि तोमर, डा.पुष्पा वर्मा, डा.राकेश जैन, डा. वैभव जैन, डा.शुभम जैन, डा. सुधा रानी, डा.शेखर तोमर, डा. आशीष जैन, वसुधा जैन, डा.जित.ेंद्र मलिक, डा.मुदित गर्ग, डा. संगीता गर्ग आदि मौजूद रहे।

## देश की एकता का प्रतीक बनी तिरंगा यात्रा, हापुड़ में दिखा राष्ट्रप्रेम का उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बसपा के मंडल प्रभारी मनजीत चौधरी के नेतृत्व में रविवार को असौड़ा गांव से भव्य तिरंगा यात्रा की शुरुआत की गई। देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम के जज्बे के साथ निकली इस यात्रा ने पूरे हापुड़ शहर का भ्रमण किया। तिरंगे से सजी सैकड़ों गाड़ियों और ट्रैक्टरों की कतारों ने शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। तिरंगा यात्रा में करीब 200 ट्रैक्टर और 150 कारें शामिल रहीं, जिन पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस मौके पर मनजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना को मजबूत करना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की शान और स्वाभिमान का प्रतीक है, जिसकी रक्षा और सम्मान करना हर नागरिक का कर्तव्य है। मंजीत चौधरी ने कहा कि तिरंगा हमारी पहचान, गौरव और आत्मसम्मान का प्रतीक है। यह केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों की आस्था, बलिदान और संघर्ष की गाथा है। तिरंगा यात्रा के माध्यम से हम युवाओं में राष्ट्रप्रेम की भावना को और मजबूत करना चाहते हैं। आज जरूरत है कि हर नागरिक जाति, धर्म और वर्ग से ऊपर उठकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करे। जब देश मजबूत होगा, तभी किसान, मजदूर, व्यापारी और हर वर्ग सुरक्षित और समृद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन देशहित हमेशा किसानों के अधिकारों के साथ-साथ राष्ट्रहित में भी मजबूती से खड़ी रही है और आगे भी देश के सम्मान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। तिरंगे का सम्मान ही सच्ची देशभक्ति है और यही संदेश इस यात्रा के माध्यम से यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती तिरंगा यात्रा ने लोगों को देश के प्रति एकजुट होने का संदेश दिया और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## दिनेश शर्मा ने सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गाँव ककौर कला में दिल्ली पुलिस के रिटायर एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी स्कूल के नौनिहालों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस। स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों को भेंट किये तोहफे।



एसीपी दिनेश कुमार शर्मा प्रतिवर्ष दिल्ली से अपने गाँव पहुँचकर बचपन की स्मृतियों को जीवित करते हुए गाँव के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, बुजुर्गों और क्षेत्र के प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोपण कर राष्ट्रीय पर्व का जश्न मनाते है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उपस्थित व्यक्तियों को सम्बोधित करते हुए एसीपी दिनेश कुमार शर्मा ने कहा गणतंत्र दिवस व स्वतन्त्रता दिवस के इस जश्न की यह खुशियाँ कई गुना बढ़ जाती है जब मैं अपने बचपन की यादों को जीवत करते हुए इन नौनिहालों के साथ गणतंत्र व स्वतन्त्रता दिवस मनाता हूँ और बुजुर्गों का आशीर्वाद लेता हूँ। गाँव की मिट्टी की खुशबू मुझे हमेशा अपनी ओर आकर्षित करती है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित संदीप अग्रवाल एसिस्टेंट डायरेक्टर (ईडी) ने कहा एसीपी दिनेश कुमार शर्मा का गाँव और उससे जुडी यादों का राष्ट्रीय दिवस के साथ अपनों से साझा करना संस्कार और संस्कृति के जीवित होने का प्रमाण और हम सबके लिए एक प्रेरणा है। इस अवसर पर संदीप अग्रवाल रिटायर एसिस्टेंट डायरेक्टर ED, किशन बंसल उद्यमी, विक्रम राणा रि. एसीपी, रि. ओमबीर पवाँर एसीपी रि. हरपाल सिंह एसीपी रि.राजपाल सिंह एसीपी राजीव कास्त्रों, ललिता अग्रवाल, राजीव पण्डित ककौर कला जिला सहसंयोजक भाजपा सुशासन व केन्द्रिय राज्य शासनीय समन्वय विभाग, समाजसेवी आरआरडी उपाध्याय, कुलदीप भारद्वाज, पुष्पेन्द्र शर्मा, गौ रक्षक मनमोहन जिन्दल आदि उपस्थित रहे।

## चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाई महिला के शव की शिनाख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बाघु गांव में एक खेत में महिला का 80 प्रतिशत जला हुआ शव मिला था। घटना के चार दिन बीत जाने के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है और न ही इस मामले में कोई खुलासा हुआ है। यह शव किसान नेता जगत सिंह के खेत में बने उपलों के बिटोड़े में मिला था। बताया गया है कि चार दिन पहले रात में बिटोड़े में अचानक आग लग गई थी। सुबह जब किसानों ने जाकर देखा, तो वहां एक महिला का जला हुआ शव मिला। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। घटनास्थल से एक सैंडल और महिला का कुछ अन्य सामान भी बरामद हुआ था। महिला का शरीर अधिक जल जाने के कारण उसकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली है और कई लोगों से पूछताछ भी की है। पुलिस अधिकारी इस मामले की गहनता से जांच कर रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा करने की बात कह रहे हैं।

## छात्रा से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दसवीं कक्षा की एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के तीन युवकों ने छात्रा के साथ इस वारदात को अंजाम दिया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसके दो साथियों की तलाश जारी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि करीब दस दिन पहले उनकी बेटी स्कूल जा रही थी, तभी गांव का आरिफ अपनी गाड़ी लेकर आया। आरिफ ने जबरन उनकी बेटी को गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर आरिफ ने छात्रा को अश्लील वीडियो वायरल करने और उसके भाई की हत्या करने की धमकी दी। धमकी से डरकर छात्रा गाड़ी में बैठ गई। आरोप है कि आरिफ ने उससे धर्म परिवर्तन कर निकाह करने की बात कही। इसी दौरान छात्रा ने शोर मचाया तो आरा.ेपी उसे कार से उतारकर मौके से फरार हो गया। घर आकर छात्रा ने परिजनों को पूरी घटना बताई। छात्रा ने परिजनों को बताया कि आरिफ पिछले डेढ़ साल से उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वह अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अपने दो साथियों के साथ मिलकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर रहा था। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने जानकारी दी कि आरोपी आरिफ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी आरिफ अपने साथियों के साथ घर से स्कूल जाते समय उसका पीछा करता था। छात्रा ने डेढ़ साल पहले हुई एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि आरोपी ने उसकी एक एडिटेड अश्लील वीडियो बना ली थी। इसी वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर वह उसे ब्लैकमेल कर रहा था। डर के कारण छात्रा ने डेढ़ साल तक परिजनों को इस बारे में कुछ नहीं बताया था। सामूहिक दुष्कर्म के इस मामले में पुलिस ने वांछित दो अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए कई संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है, लेकिन अभी तक वे पकड़े नहीं जा सके हैं।

## पुलिस ने चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सिंघावली अहीर पुलिस ने नलकूप उपकरण चोर गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 50 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है।



पुलिस के अनुसार, ये चोर पहले रेकी करते थे और फिर रात में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश कर रही थी। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान तरुण और सुनील के रूप में हुई है, जो गाजियाबाद के भनेड़ा निवासी हैं। तरुण फिलहाल सराय कस्बे में रह रहा था। इनकी गिरफ्तारी सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बाद हुई। 6 नवंबर को सारी कस्बे में एक दुकान में चोरी हुई थी, जिस पर मामला दर्ज किया गया था। इसके अलावा, सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के एक मकान में लाखों रुपये की चोरी की वारदात को भी इन्होंने अंजाम दिया था। गिरफ्तार अभियुक्त तरुण पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में 25 आपरा.धिक मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील पर भी 25 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, चोरी करने के उपकरण, 61 कोल्ड ड्रिंक की बोतलें, सिगरेट-बीड़ी-पान मसाला के पैकेट और 5 किलोग्राम टयूबवेल से चोरी किया गया केबल बरामद हुआ है। उप निरीक्षक अनुज कुमार ने बताया कि दोनों चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

## नगर पुलिस ने 8 वारंटियों को भेजा सलाखों के पीछे

**हापुड़।** अपराध पर अंकुश लगाने और फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन तलाश अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आठ वारंटियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों में रिजवान उर्फ राधे निवासी मजीदपुरा, सलमान निवासी मोती कॉलोनी, मोनू निवासी चाहकमाल मोहल्ला ब्रहमनान, अरबाज खान निवासी ईदगाह रोड पुरानी चुंगी, संजीव, शिवदत्त और संजय निवासी आदर्शनगर कॉलोनी तथा बाबू निवासी ग्राम बदनौली शामिल हैं। इन सभी पर आर्म्स एक्ट, लूट, मारपीट, धमकी, दंगा, चोरी, सड़क दुर्घटना समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अभियान लगातार जारी है। फरार अपराधियों की धरपकड़ से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा। पुलिस की इस कार्रवाई से वारंटियों में हड़कंप मचा हुआ है और आमजन में सुरक्षा का भरोसा और मजबूत हुआ है।

**सार्वजनिक सूचना**
दिनांक 01.04.2017 से दिनांक 21.01.2026 तक विद्यालय के अध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिकाएँ एवं वेतन पंजिकाएँ विद्यालय से गुम अथवा चोरी हो गई है।
प्रबन्धक
गजराज सिंह इण्टर कॉलिज
बरनावा (बागपत)

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हापुड़ में उत्साह

### मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन नए, वोटरों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोलहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से कलेक्ट्रेट परिसर से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम एवं अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई एसएसवी इंटर कॉलेज पहुंची, जहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, युवाओं एवं नागरिकों को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 तक जिन युवाओं की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे सभी फार्म-6 भरकर अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराएं। उन्होंने मतदान को लो.कतंत्र की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को निर्भीक होकर, बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मतदान प्रतिशत बढ़ने से ही मजबूत और जवाबदेह सरकार का गठन संभव है। इस अवसर पर नवीन मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र वितरित किए गए तथा वरिष्ठ मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। विधानसभा निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए हर नागरिक का मतदान करना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षण संस्थानों से मतदाता जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान बीएलओ, चित्रकला, स्लोगन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर उप जिला.धिकारी सदर इला प्रकाश, सहायक जिला निर्वाचन अधिक.ारी, विभिन्न कॉलेजों के प्रधानाचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एनसीसी व स्काउट के छात्र-छात्राएं सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस ने ली शपथः निष्पक्ष और निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प



**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेते पुलिसकर्मी।

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने शपथ ली। यह शपथ निष्पक्ष और निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ली गई। कार्यक्रम रविवार को कोतवाली परिसर में आयोजित किया गया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को शपथ दिलाई। इस शपथ के माध्यम से सभी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया, जिसमें स्वयं मतदान करने और दूसरों को मतदान कराने का दायित्व भी शामिल था। इस मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में निरीक्षक अपराध विनोद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक तेजपाल सिंह, कस्वा इंचार्ज ओमपाल सिंह, उपनिरीक्षक किरन्त पवार, उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, उप निरीक्षक विजय देशवाल, उप निरीक्षक रजत सिंह, हेड कांस्टेबल रनवीर सिंह, हेड कांस्टेबल साजिद अहमद, कांस्टेबल परविंदर राणा, कांस्टुबेबल सनी कुमार, महिला हेड कांस्टेबल पूनम कांबोज, रानी गंगवार और कांस्टेबल हिना शर्मा सहित कई अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सारे काम काज छोड़, सबसे पहले वोट दो, छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपजिला अधिकारी प्रीति सिंह के नेतृत्व में विविध विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल. कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करना रहा। रैली की शुरुआत बीआरसी कार्यालय ठाकुरद्वारा परिसर से हुई, जो तहसील मुख्यालय से होते हुए कोतवाली रोड ,बुध बाजार , शगुन तिराहा, कमालपुरी रोड , मुसिफ कोर्ट रोड, हनुमान मंदिर रोड से होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः बीआरसी कार्यालय मे पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा एवं जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर "सारे काम छोड़ काज छोड , सबसे पहले वोट दो", "लोकतंत्र की है यही पुकार, पहले करें मतदान अधिकार" जैसे नारे लगाए। छात्रों ने आमजन को यह संदेश दिया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि चाहे युवा हों या बुजुर्ग, सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए ताकि देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। विद्यालय के शिक्षकों की देखरेख में निकाली गई इस रैली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक किया गया और सभी से अपने वोट का प्रयोग करने की अपील की गई। रैली के दौरान शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियानों से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में तहसीलदार प्रवीन कुमार, नया तहसीलदार तहसील के कर्मचारी शिक्षकों ने भाग लिया।



**ठाकुरद्वारा। मतदाता जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व स्कूलों के छात्र-छात्राएं।**

## एक नजर

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली मतदान करने की शपथ बीएलओ हुए सम्मानित





**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अच्छा काम करने वाली बीएलओ भुवनेश कुमारी सहित् अन्य को सम्मानित किया गया। एसडीएम और तहसीलदार ने अर्दली हाकिम अली को भी उसकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

इसके अलावा छजलैट और कांठ थाने में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर थाना प्रभारी ने स्टाफ को शपथ दिलाने का काम किया। बूथों पर भी बीएलओ ने लोगों को मतदान में हिस्सा लेने की शपथ दिलाई।

### रेलवे फाटक पर लगा जाम लोग हुए हलकान

**कांठ( शाह टाइम्स )** रेलवे फाटक पर आज फिर जाम लग गया जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा थाने के सामने पुलिस व्यवस्था न होने के कारण भी जाम खुलने में काफी समय लग गया। बतादे कि थाने के सामने कांठ अमरोहा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर



जाम लगना रोजाना की बात है लेकिन कभी-कभी यह जाम हालात से ज्यादा बड़ा हो जाता है उम्मीद से ज्यादा बड़ा हो जाता है पुलिस तैनाती का अभाव हो तो जाम से छुटकारा पाने में घंटो लगते हैं बाहन चालको द्वारा अपनी मर्जी से बाहन खड़ा करने के कारण इस जाम में और चार चांद लग जाते हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आसपास के गांव जाने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आज भी दोपहर बाद जाम लगा तो हालात बेकाबू हो गए लोगों को घंटो तक जाम से निजात पाने में मशक्कत करनी पड़ी वाहन चालको ने स्वयं ट्रैफिक व्यवस्था संभाल कर वाहनों को निकलवाया। लेकिन इसके बावजूद भी जाम से निपटने में घंटो का समय लग गया इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।

### पुलिस ने पिता पुत्र को किया शांतिभंग में गिरफ्तार

कांठ(शाह टाइम्स) दो भाइयों के बीच चल रहे झगड़े के बाद पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन को गिरफ्तार कर चालान किया है बताया गया कि नरेश पुत्र होरी नन्हे पुत्र होरी एवं नन्हे का पुत्र राहुल आपस में किसी मामले को लेकर झगड़ा कर रहे थे जिससे शांति भंग की आशंका पैदा हो गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। और बाद में शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया।



### तेज कार ने थार में मारी टक्कर बाल बाल बचे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तेज गति से ला रहे कार चालक ने दुकान के सामने खड़ी थार को टक्कर मार दी और फरार हो गया इससे आसपास खड़े कई और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हो पाई। देर शाम मोड़ी हजरतपुर तिराहे पर एक कार आई जबकि थार साइड में दुकान के सामने खड़ी थी और सीधी थार के पिछले हिस्से टकरा गई। टक्कर कितनी जबरदस्ती थी के थार अपनी जगह से कई फुट आगे घूम गई और उसके पास खड़ी बाइके उसकी जद में आकर गिर गई। थार के पास खड़ी एक और कार भी क्षतिग्रस्त हुई घटना होते ही लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन टक्कर मारने वाला मौके से कार लेकर फरार हो गया। लोगों का कहना था की कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह मोड पर काबू नहीं कर पाया और उसने सीधी थार में टक्कर मार दी कुल मिलाकर किसी तरह की जनहानि ना होने से लोगों ने राहत महसूस की है।



### कब्रिस्तान की भूमि से पेड़ कटवाने पर अज्ञात सहित दो पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कब्रिस्तान की भूमि से पेड़ काट लेने पर लेखपाल की तहरीर से पुलिस ने दो पर एफआईआर दर्ज की है। घटना थाना छजलैट के गांव मथाना की है। बताया गया कि वहां अभिलेखों में कब्रिस्तान दर्ज है जिसमें यूकेलिप्टस के 165 पेड़ खड़े थे उन पेड़ों को काटे जाने की सूचना मिलने पर लेखपाल ने जांच की तो पता चला कि मथाना गांव के करीम पुत्र चंदाशाह व अन्य व्यक्तियों द्वारा उक्त पेड़ कटवाए गए हैं। पेड़ों को उमरी कला के कुछ लोगों द्वारा काटा जा रहा था लेखपाल ने उक्त स्थल पर जाकर पेड़ों को रुकवाया तो वहां काम कर रहे लोग ट्रैक्टर लेकर भाग गए। मौके पर 50 पेड़ कटे हुए भी मिले लेखपाल की शिकायत पर थाना छजलैट में एफआईआर दर्ज की गई है।

### बुलेरों की मांग को लेकर उत्पीड़न में दो के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बुलेरो कार तथा 5 लाख की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया महिला की शिकायत पर छजलेट पुलिस ने पति और ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अमरोहा जनपद के थाना अमरोहा देहात अंतर्गत गांव हादरपुर निवासी प्रीति पुत्री जयबीर सिंह की शादी 3 साल पहले छजलैट थाने के गांव चंगेरी में निशांत के साथ हुई थी। जिसमें काफी सामान दहेज में दिया गया लेकिन निशांत और उसके पिता अरविंद इससे राजी नहीं हुए और दहेज में बुलेरो कार एवं 5 लाख रुपए की मांग करने लगे पीड़िता ने असमर्थता जताई तो पिता और पुत्र ने आए दिन शराब पीकर मारपीट और गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। 23 जनवरी को उसे मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया पीड़िता थाने पहुंची और पति एवं ससुर के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## जुआ खेल रहे दो लोगों को किया पुलिस ने गिरफ्तार

**कांठ( शाह टाइम्स )** गन्ने के खेत में जुआ खेल रहे पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है पुलिस गस्त पर थी तभी किसी व्यक्ति ने कुछ लोगों के रामचरन के गन्ने के खेत में जुआ खेलने की जानकारी दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया की उक्त लोग जमीन पर बैठकर अखबार बिछाकर तास के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम कफिल पुत्र अब्दुल्ल लईक निवासी उमरी कला और लोकेंद्र सिंह पुत्र छतर सिंह निवासी मोहल्ला घोसीपुरा बताया पुलिस ने उनके पास से ताश की गड्डी एवं नगद रुपए बरामद करते हुए संबंधित धारा में कार्रवाई की है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मेरा युवा भारत के युवाओं ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन स्थित प्रतिष्ठित गांधी मैदान में किया गया।

जैसा कि हम जानते हैं आज सोलवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपूर्ण देश में किया जा रहा है में किया जा रहा है एवं इस अवसर पर माय भारत की सीईओ डॉक्टर प्रियंका शुक्ला के निर्देश अनुसार में भी इसका भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के बारे में उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में रामवीर सिंह विधायक मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में परमेश्वर लाल सैनी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आकाश पाल जिला अध्यक्ष बीजेपी उपस्थित हुए कार्यक्रम के



सफल आयोजन में कुछ विशेष बिंदु रहे जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ एक भव्य विचार गोष्ठी के माध्यम से किया गया विचार गोष्ठी में 500 से अधिक युवाओं को अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया एवं कार्यक्रम में 30 चयनित प्रथम बार के मतदाता को माय भारत के विशेष चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में युवाओं ने इसके पश्चात एक पदयात्रा का आयोजन किया जिसने 6 किलोमीटर की दूरी तय कर युवाओं को एवं समाज के सभी वर्गों को मतदान के लिए जागरूक किया कार्यक्रम में कुछ युवाओं ने साइकिल रैली भी निकाल संडे ऑन साइकिल के विचार को चरितार्थ किया कार्यक्रम का विशेष आकर्षक बैलून फेस्टिवल था क्योंकि बड़ी संख्या में मतदान एवं मेरा युवा भारत के संदेश के साथ छपे हुए गुब्बारे को युवाओं में एक साथ हवा में छोड़ें और इस कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने मतदान करने की शपथ भी ली कार्यक्रम के अंत में एक मतदान केंद्र बनाया गया।

युवाओं को मतदान करने की व्यवहारिक प्रतिक्रिया का अनुभव लेने का अवसर मिला और युवाओं ने ई.बी. एम के मॉडल पर बटन दबाकर मतदान करना सीखा इस तरह यह एक भव्य अनुभावनात्मक एवं दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाला कार्यक्रम रहा कार्यक्रम के बारे में कार्यक्रम सहायक रंजीत कुमार सैनी ने कहा कि कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की भव्यता बड़ाई कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, विकास कुमार, राहुल मौर्य, चंद्र सिंह ,रविंद्र, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नारी सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ दिवस के रूप में मनाया

**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की स्वयं सेवक इकाई द्वारा लगाये जा रहे विशेष शिविर के पांचवे दिन को ष्नारी सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के रूप मे मनाया गया छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति की जानकारी दी गयी, कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया की समाज महिलाओं के बिना अधूरा है महिला और पुरुष से गाड़ी बनती है सरकार द्वारा भी महिलाओ को समानता का दर्जा दिया गया है और प्रत्येक फील्ड मे ये दिखाई भी दे रहा है।





सरकारी नौकरी हो या फिर खेल का मैदान हर जगह महिलाओं का बोल बाला है. आगे बताया कि छात्राओं को स्कूल आते जाते अथवा घर से बाहर यदि कोई व्यक्ति तंग करता है तव मोबाइल न. 1090 तथा 112 पर कॉल करें तुरन्त पुलिस सहायता प्राप्त होगी. कॉलेज के प्रबंधक श्री जाबिर हुसैन एडवोकेट ने बताया कि महिलाओ को निडर होकर कार्य करना चाहिए. आज हमारे देश की राष्ट्रपति महिला है. प्रदेश की राज्यपाल महिला है. न्यायालयों मे बड़ी संख्या मे महिला जज है.इसलिए अपने अधिकार को पाने के लिए सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवकों के साथ मतदाता रैली निकाली, मतदाता शपथ दिलाई और लोगों को मतदान का महत्त्व समझाया. इस अवसर पर एच जे एस इंटर कॉलेज का स्टॉफ मौजूद रहा और अध्यापकों ने अपने विचार रखे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ और सुपरवाइजर हुए सम्मानित



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )** राष्ट्रीय मतदाता दिवस सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने रैलियां निकालकर अठारह वर्ष पूरी कर चुके युवाओं से मतदाता बनने और शत प्रतिशत मत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया। तहसील कार्यालय में एसडीएम विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता दिवस मनाया गया इसमें अच्छा कार्य करने वाले सुप. रवाइजर और बीएलओ को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले सुपरवाइजर प्रमोद कुमार रोहित मिश्रा रविकांत गहलोत मुकेश कुमार अतेंद्रपाल सिंह, विशाल यादव और बीएलओ राजेंद्र पाल, मधु शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद जावेद, रोशन आरा आदि हैं। तहसीलदार अंकित गिरी, नायब तहसीलदार, कानूनगो लेखपाल, अधिवक्ता आदि शामिल रहे। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने गांव में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया।

## पीतल नगरी के हस्तशिल्प गुरु चिरंजी लाल पदमश्री के लिए चयनित, परिवार में खुशी का माहौल

**मुरादाबाद।** पीतल नगरी मुरादाबाद के लिए यह गर्व का क्षण है कि यहां की विश्वविख्यात पीतल कला को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। प्रसिद्ध हस्तशिल्प गुरु चिरंजी लाल को कला के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इस उपलब्धि से न केवल चिरंजी लाल, बल्कि मुरादाबाद के हजारों कारीगरों का मान बढ़ा है, जो पीढ़ियों से इस पारंपरिक कला को जीवित रखे हुए हैं। चिरंजी लाल ने बताया कि उन्हें इस सम्मान की जानकारी गृह मंत्रालय से आए फोन कॉल के माध्यम से मिली। उन्होंने इस सम्मान को पूरी पीतल नगरी और यहां के मेहनतकश कारीगरों को समर्पित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी शिल्पकारों का सम्मान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद इस कला को बचाए रखा।उन्होंने चिंता व्यक्त की कि बदलते समय और मशीनों के बढ़ते प्रयोग के कारण पारंपरिक हस्तशिल्प



धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है। चिरंजी लाल ने कहा कि अब उनकी प्राथमिकता युवा पीढ़ी को इस कला से जोड़ना, नए कारीगरों को प्रशिक्षण देना और इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाना होगी।चिरंजी लाल द्वारा तैयार किए गए पीतल के फ्लावर बेस, टी-कोस्टर, फ्रूट बाउल सहित अनेक कलाकृतियां देश-विदेश में सराही जाती रही हैं। उनकी कृतियां दिल्ली के प्रगति मैदान, दिल्ली हाट समेत कई प्रतिष्ठित म्यूजियम और प्रदर्शनियों में मुरादाबाद की पहचान बन चुकी हैं। पद्मश्री सम्मान के चयन से मुरादाबाद की पीतल कला को नई ऊर्जा और वैश्विक पहचान मिलने की उम्मीद है।

# गणतंत्र दिवस की पूर्व नेत्रदाता परिवारों का सम्मान



### नेत्रदान सबसे पुनीत कार्य हैः एसपी सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सी एल गुप्ता आई बैंक एवं मुरादाबाद नागरिक समाज की ओर से 57वां नेत्रदाता परिवारों का सम्मान समारोह सी एल गुप्ता आई हास्पिटल में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव शर्मा ने की । कार्यक्रम में संवेदना किट्स किट्स विद्यालय के प्रतिभागियों ने वेद मंत्रों की प्रस्तुति की तथा देशभक्ति गीतो की प्रस्तुत दी । संस्थान की डिप्टी चेयरपर्सन डा आशी खुराना ने वर्तमान समय में नेत्रदान की आवश्यकता और महत्व बताया। कार्यक्रम में 15अगस्त से 31 दिसम्बर तक 33 प्राप्त नेत्रदान को कराने वाले नेत्रदाता परिवारों को मुख्य अतिथि -श्रीमान रणविजय सिंह के कर कमलों से सम्मानित किया गया। आर्य समाज के मंत्री रमेश आर्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन , मुरादाबाद एक्सप्रेस जैनुलाबदीन, गीतांजलि पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर सरदार गुरुविंदर सिंह ज्ञानेंद्र गांधी गरिमा सिंह राजीव ढल रमेश आर्य संजीव वर्मा रवि टंडन हरकेश सिंह गीतांज. लि पाण्डेय नीरज कुमार कमल गोला रवि यदुवंशी पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह , संजीव कुमार फणिकृष्ण लक्ष्मी मंगा सुदर्शना पूजा राना,अव्दुल मन्नान, सृष्टि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मुम्बई में नौगांवा के इंजीनियर की मौत

## होटल के कमरे में मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नौगावां सादात। मुंबई में नौगावां सादात निवासी 28 वर्षीय सिविल इंजीनियर हसन आबिद की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। होटल के कमरे में शव मिलने की खबर मिलते ही परिवार में मातम पसर गया हालांकि मौत का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचे शव को सुपुर्देखाक कर दिया गया है।

कस्बे के मोहल्ला बड़ी इमली में पेशे से प्रॉपर्टी डीलर महफूज अली का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी सरकार फातमा के अलावा बेटा हसन आबिद तथा बेटी कायनात है। बेटी बड़ी है, उसकी शादी हो चुकी है जबकि बेटा अभी अविवाहित था। हसन आबिद सिविल इंजीनियर था तथा मुंबई में रहते हुए बिल्डिंगों की ठेकेदारी का काम करता था। वहां वह एक होटल में प्राइवेट रूम लेकर रहता था। बीते दिनों नौगावां सादात आया हसन आबिद लगभग पांच-छह दिन पूर्व ही मुंबई वापस लौटा था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दोपहर तक जब हसन आबिद अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो होटल स्टाफ ने दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। लिहाजा, होटल स्टाफ ने किसी अनहोनी की आशंका



**पांच दिन पहले ही लौटा था मुम्बई, परिवार में मचा कोहराम**

के बीच पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने दरवाजा तुड़वाया तो कमरे में हसन आबिद का शव पड़ा मिला। होटल रिकॉर्ड से नंबर लेने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घबराए पिता महफूज अली ने मुंबई में ही रहने वाले अपने भतीजे आशू को फोन किया, आशू ने जब संबंधित थाने पहुंचकर जानकारी ली तो हसन आबिद का शव मोर्चरी भेजे जाने का पता चला। पोस्टमार्टम के बाद रविवार सुबह घर पहुंचे शव को सुपुर्द खाक कर दिया गया है। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गंदे पानी में चारपाई डालकर किया प्रदर्शन

## गंदे पानी से नहाने व खाने की दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओ एवं ग्रामीणों ने गंदे पानी में चारपाई डालकर विरोध प्रदर्शन किया।

हसनपुर विधान सभा क्षेत्र के गांव रुखालू में मौजूद रास्ते पर गंदा पानी खड़ा हुआ है। ग्रामीणों का वहां से निकलना दुश्वार हो गया है। रविवार को ग्रामीणों के बुलावे पर भाकियू बीआर अंबेडकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह भाटी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने बताया कि गांव का रास्ता गंदा पानी खड़ा होने के कारण बेहद खराब हो है। उसमें एक डेढ़ फुट पानी भरा हुआ है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ वहां पर महिलाओं व ग्रामीणों ने गंदे पानी में खाट डालकर विरोध प्रदर्शन किया। कहा कि अगर आने वाले समय में यह रास्ता ठीक नहीं किया गया तो हम लोग इसी पानी में नहाएंगे और खाना खाएंगे। और बच्चों को भी इसी पानी में रखेंगे। सरकार से मांग करते हुए कहा वह इसको जल्द से जल्द ठीक करने का काम करें। गांव में रास्ता बेहद खराब पड़ा है। लालमन खड़क सिंह, योगेश, देवेंद्र, कलुआ, देवी सहाय, राजवीर, सुरेश, जयपाल, कलुआ, द्रोपती, माया, तारा, शांति, कमलेश आदि मौजूद रहे।



# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। क्षेत्र के गांव रहरा में चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में आज विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता, मतदान की शपथ, मतदान जागरूकता रैली द्वारा अधिक से अधिक मतदान करने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्याम सुंदर मौर्य जी द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। छात्राओं द्वारा रंगोली बनाई गई तथा विद्यालय से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसका शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार त्यागी विद्यालय चौयरमैन ब्रह्म दत्त त्यागी संरक्षक सुरेंद्र सिंह त्यागी तथा विद्यालय प्रधानाचार्य अनीता शर्मा द्वारा किया गया।

# स्कूटी गिरने के विवाद में बवाल, ट्रक का शीशा तोड़ा

## पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। स्कूटी गिरने को लेकर हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। गुस्से में आए एक युवक ने न सिर्फ ट्रक में तोड़फोड़ की, बल्कि कारोबारी और चालक के साथ गाली-गलौज भी की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव बंबूगढ़ पंडकी निवासी राहुल यादव से जुड़ा है, जिनका शहर के कल्याणपूरा रोड पर कॉटन वेस्ट का कारखाना है। एफआईआर के अनुसार दो दिन पहले कारखाने के सामने उनका ट्रक लोड हो रहा था। इसी दौरान पास में खड़ी स्थानीय निवासी फराद मंसूरी की स्कूटी, ट्रक को थोड़ा पीछे करते समय हल्की टक्कर से गिर गई, जिससे उसका साइड शीशा टूट गया। ट्रक चालक विजयपाल ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए स्कूटी में हुए नुकसान की भरपाई की बात कही। इसके बावजूद फराद मंसूरी ने हंगामा शुरू कर दिया और चालक के साथ अभद्रता करने लगा। विवाद की सूचना मिलने पर जब कारोबारी राहुल यादव मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई। आरोप है कि फराद मंसूरी ने गुस्से में ट्रक में तोड़फोड़ करते हुए आगे का शीशा भी तोड़ दिया। घटना के बाद राहुल यादव ने शहर कोतवाली में तहरीर दी। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने बताया कि आरोपी फराद मंसूरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# फैक्ट्री में मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना गजरौला क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी संतोष कुमार पुत्र बब्लू सिंह जिवाई फैक्ट्री में रात मजदूरी करते समय अचानक उल्टी हुई जिसकी मौके पर मौत हो गई फैक्ट्री कर्मियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मृतक संतोष कुमार के परिजनों को सूचना दी सूचना मिलते ही पत्नी पूनम मां शकुंतला देवी व तीन बेटों



का रो-रो कर वुरा हाल हुआ मृतक तीन भाईयों में दूसरे नंबर के थे।

# मजदूरों के हक से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं: दानिश

## मनरेगा बचाओ संग्राम में पहुंचे पूर्व सांसद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। पूर्व सांसद और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा क्षेत्र के नौगांवां विधानसभा के गांव में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा के नाम बदलने की कोशिश और उससे होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चौपाल में दानिश अली ने कहा कि मनरेगा गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा के बजट में कटौती, काम के दिनों में कमी और मजदूरी भुगतान में हो रही देरी से करोड़ों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूर्व सांसद ने कहा कि कांग्रेस मनरेगा को उसकी मूल भावना के साथ पूरी मजबूती से लागू करने, 200 दिन का काम देने और समय से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने की मांग को लेकर संघर्ष कर रही है। जब तक मजदूरों को पूरा काम, पूरा भुगतान और सम्मानजनक रोजगार नहीं मिलेगा, तब तक यह आंदोलन गांव-गांव चलाया जाएगा। उन्होंने प्रशासन की लापरवाही पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जाएगी। कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक मजदूरों की आवाज बुलंद करेगी और उनके हक की लड़ाई पूरी ताकत से लड़ेगी।

# गोविंदपुरम के शिव मन्दिर पर भंडारा

## श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गोविंदपुरम कॉलोनी स्थित चौधरी चरण सिंह पार्क में बने नर्मदेश्वर शिव मंदिर पर रविवार को द्वितीय वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: हवन-पूजन के साथ हुई। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भंडारे में सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन स्थल पर दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा और माहौल भक्तिमय बना रहा।सभासद नूतन रानी ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सद्भाव बढ़ाते हैं। भंडारे के माध्यम से सेवा का भाव पैदा होता है और लोगों को एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति को सफल कार्यक्रम के लिए बधाई दी। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, सपा नेता भूपेंद्र चौधरी, एडवोकेट विवेक सिंह, सभासद नूतन रानी, मास्टर योगेंद्र, विमल त्रिवेदी, अमित गर्ग, दीपचंद, हितेश चौधरी, तेजपाल सिंह, मदनपाल सिंह, अशोक रुहेला, पुष्पराज सिंह, लाभ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल, जितेश कुमार, शेंकी अग्रवाल, प्रेम सिंह, गुरमीत सिंह, नीरज चौधरी, आनंद कुमार, रोजी त्रिवेदी, प्रमोद कुमारी, रीना चौधरी, उर्मिला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# नकदी-जेवर लेकर युवती प्रेमी के साथ फरार

## परिजनों ने जतायी अनहोनी की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। नकदी और जेवरात लेकर घर से निकली एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। काफी तलाश के बावजूद जब युवती का कोई सुराग नहीं लग सका तो परि. जनों ने थकहार कर प्रेमी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक कारोबारी की बेटी का कैलसा बाईपास निवासी युवक जैद के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। एफआईआर के अनुसार 23 जनवरी की सुबह युवती घर में रखी अलमारी से करीब 50 हजार रुपये की नकदी और सोने के कुंडल लेकर घर से निकल गई और प्रेमी जैद के साथ फरार हो गई। बताया जा रहा है कि कारोबारी को बेटी के प्रेम-प्रसंग की जानकारी पहले से थी। इसको लेकर उन्होंने युवक को समझाने का प्रयास भी किया था, लेकिन परिजनों की बंदिशों के बावजूद दोनों के बीच संबंध बने रहे। पीड़ित पिता द्वारा दी गई तहरीर में बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका भी जताई गई है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। युवती की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी युवक को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पुलिस ने रैली निकाल पढ़ाया यातायात का पाठ

## नियमों का पालन करने की दी सीखा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत रविवार को अमरोहा पुलिस द्वारा बाइक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिए आमजन से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। दोपहर 12 बजे पुलिस कार्यालय से रैली की शुरुआत एसपी अमित कुमार आनंद ने हरी झंडी दिखाकर की। रैली बंबूगढ़, टीपी नगर, गांधी मूर्ति, नंदन स्वीट्स, रामलीला ग्राउंड, जेएस इंटर कॉलेज होते हुए कोतवाली रोड से गुजरकर अमरोहा नगर कोतवाली पर जाकर संपन्न हुई। रैली को संबोधित करते हुए एसपी ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से धारण करने, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। रैली में यातायात पुलिस, थाना पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, मोटर साइकिल एजेंसियों के स्टेकहोल्डर व कर्मचारी तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के समापन के उपरांत उपस्थित सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन के संबंध में शपथ दिलाई गई। इस दौरान एसएसी अखिलेश भदौरिया, सीओ सिटी अभिषेक यादव, टीएसआई अनुज मलिक, समाजसेवी अनिल कुमार जग्गा व इकबाल खान जज्बा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा...

## इमाम जैनुल आबेदीन की यौमे विलादत पर मुशायरा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हजरत इमाम जैनुल आबेदीन के यौमे विलादत पर शहर के मोहल्ला दरबारे कलां स्थित अजाखाना शम्स अली खां में शनिवार रात मनक. बत्ती मुशायरा आयोजित किया गया। शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश करते हुए श्रोताओं की खून वाहवाही हासिल की। महफिल का आगाज तिलाव. ते कलामे पाक से कारी मिर्जा अनस ने किया जबकि नाते पाक का नजराना नाजिम अमरोहवी ने पेश किया। शायरी का सिलसिला शुरू करते हुए मौलाना एहसन अख्तर सरोश ने कहा...कर्बला के सानेहा की यह हकीकत है सरोश, इब्तेदा शब्बीर की है इंतेहा सज्जाद की। डा. नसीममुजफर संभली ने फरमाया...नबूवतों के दामनों में कुछ ना आएगा नजर, हुसैन एक पल जो अपनी कर्बला समेट लें। जौहर सिरसिवी ने कहा...एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा, जो गिरफ्तार भी हो मालिक-ओ-मुख्तार भी हो। डा.मुबारक अमरोहवी ने पढ़ा...जो था हुसैन का कातिल उसी के घर सज्जाद, हुसैन की सफ-ए-मातम बिछा के बैठ गए। मुशायरे में इनके अलावा डा.लाडले रहबर, प्रोफेसर नाशिर नकवी, हसन इमाम, शीबान कादरी, मजहर शाहिद बहराइच, वसीम अमरो. हवी, रशीद मोरनवी, फरोगे हसन, अकबर आबादी, नजर सुल्तानपुरी, खुर्रम वसीम, मुनव्वर जलालपुरी, मोहम्मद अली आदि शायरों ने भी अपना कलाम पेश किया। अध्यक्षता मौलाना शादाब हैदर व संचालन प्रोफेसर डॉ.नाशिर अमरोहवी व डॉ.मुबारक अमरोहवी ने संयुक्त रूप से किया। मौलाना डॉक्टर शहवार हुसैन, मौलाना गुलाम इमाम, शाने हैदर जैदी मंचासीन रहे। इस दौरान अब्बास हैदर, आबाद हसन, तनवीर हुसैन, हुसैन हैदर, जफर अली, मदद अली, हकीम गुलजार, डॉ.शरीक रियाज, कमर नकवी, विलायत अली, तबारक अली, काजिम अब्बास, डॉ. मोहम्मद नजर, हसनैन नवाज, शाहिद अकरम, बाकर राजा, आफताब हसनैन आदि लोग मौजूद रहे। आखिर में सेकेट्री नाजिम हुसैन आरिफ व फैज अकरम फैजी ने शुक्रिया अदा किया।

## अमर सिंह कालेंज में मना मतदाता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। रविवार को अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुशरफ खान ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ अशोक कटारिया ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। हर नागरिक को अपने मताधिकार का सही और ईमानदारी से प्रयोग करना चाहिए, तभी देश मजबूत बनेगा। उन्होंने युवाओं से आगे आकर मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी मुशरफ खान के साथ डॉ रूपा, निसार अहमद, शिवा, अक्षि, समरपाल सैनी, निशिन सैनी सहित अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

# पर्यावरण मंत्री केपी मलिक का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। जिले के प्रभारी व पर्यावरण मंत्री के.पी. मलिक के गजरौला आगमन पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल सहित स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता व्यवस्था और सतत विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में क्षेत्र में साफ-सफाई को बेहतर बनाने, हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए नई योजनाओं पर विचार किया गया। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि जनसहयोग से ही स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण बनाया जा सकता है।नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने बताया कि प्रभारी मंत्री के मार्गदर्शन से नगर में जनहित से जुड़ी और पर्यावरण के अनुकूल योजनाओं को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य लोग व भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## कुरआन पाक हिफ्ज होने पर की दस्तारबंदी



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। आधा दर्जन तालिबे इल्म का कुरान पाक हिफ्ज होने पर उनकी दस्तारबंदी की गई। बीती रात शहर की रेतिया वाली मस्जिद में 6 हाफिजो का कुरान मुकम्मल होने पर उनकी दस्तार बंदी की गई। कुरान मुकम्मल करने वालों में हाफिज मोहम्मद, समीर, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद उमर फारूक, मोहम्मद माआज, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद मुर्शीद शामिल थे। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद नवाब, मुफ्ती उबैदुर रहमान, मुफ्ती मुशव्वर, मुफ्ती शानू मौलाना अकरम, मौलाना फारूक, मौलाना ताहिर, सभासद शाहनवाज अंसारी, हाजी राजा हाजी शब्बीर अंसारी, चमन अंसारी मास्टर नूरुद्दीन, डॉक्टर परवेज अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# उधार सामान नहीं दिया तो युवक ने दुकानदार पर तमंचे से किया फायर

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। थाना गजरौला पुलिस द्वारा गांव में दुकान के सामने फायरिंग करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करके चालान किया। आरो. पित के कब्जे से तमंचा व कारतूस व बोलेरो कार भी बरामद की गई।

थाना क्षेत्र के गांव टोकरा पटटी में पतेई एमन निवासी मनोज की स्पेयर पार्टस की दुकान है। शनिवार को यहां पर पतेई एमन गांव निवासी राजेन्द्र नामक युवक सामान लेने पहुंचा था। उसने मनोज से सामान खरीदा और उधार की बात करने लगा। मनोज ने उधार देने से मना किया तो राजेन्द्र ने उसके साथ गाली गलौच करते हुए अंटी से तमंचा निकालकर फायर झोंक दिया। गनीमत रही कि गोली मनोज को

**पुलिस ने गिरफ्तार करके किया चालान, तमंचा व पांच कारतूस बरामद, बोलेरो सीज**

नहीं लगी। मनोज ने शोर मचाया तो आसपास के दुकानदार व लोग एकत्र हो गए और आरोपित राजेन्द्र को मौके से ही पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक तमंचा, पांच कारतूस बरामद किए, जबकि आरोपित की बोलेरो कार को भी सीज कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपित को चालान करके न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। वहीं आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल हरेन्द्र कुमार, कांस्टेबल प्रवीण कुमार व



होमगार्ड जगदीश सिंह सम्मिलित रहे। वहीं थाना पुलिस ने रविवार को ही संजीव कुमार व शीशराम निवासीगण मुहल्ला सन्तनगर (मायापुरी) कस्बा व थाना गजरौला, देवेन्द्र निवासी खाईखेडा खादर, चन्द्रप्रकाश निवासी धनौरी खुर्द थाना बछरायूं व सोनू कुमार निवासी ग्राम सादुल्लापुर थाना गजरौला को शांति भंग में निरूद्ध करके चालान किया।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित










**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने किला परिसर स्थल से गॉधी समाधी स्थल तक आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व स्कूली बच्चों को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में मतदाता शपथ दिलाई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी क्षेत्र तक व्यापक स्तर पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे मतदाता जिनका छुट गया हो अपना फार्म 06 भरकर अपना नया मतदान कार्ड बना सकतें है। तत्पश्चात सिविल लाइन स्थित जिला सहकारी बैंक सभागार में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने स्कूली बच्चों को मतदाता शपथ दिलाई कि-''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगेह्व।

विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकरी गुलाब चन्द्र एवं अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ, सुपर वाइजर एवं जनपद स्तर पर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निबन्ध प्रतियोगिता, मेंहदी प्रतियोगिता, स्लोगन आदि में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं व स्कूल के प्रधानाचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा नए मतदाताओं को वोटर आईडी कार्डों का वितरण भी किया गया।

इस दौरान स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता गीत प्रस्तुत करके लोगों को अपने मता. धिकार का उपयोग करने का संदेश दिया।

इसी क्रम में नगर मजिस्ट्रेट सालिक राम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट में कार्यरत समस्त अधिकारियों व कार्मिकों को सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। जनपद की समस्त तहसीलों पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## युवती का जबरदस्ती हाथ खींचने और मारपीट करने वाले युवक पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला एसडीएम कालोनी निवासी पीड़ित पिता ने शाहबाद थाने पर तहरीर देकर उसकी पुत्री का जबरदस्ती हाथ खीं. चने और विरोध करने पर मारपीट करने के मामले में एक युवक पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित पिता के आरोप है कि 24 जनवरी सुबह दस बजे सौरभ निवासी एसडीएम कालोनी शाहबाद उसके घर में घुस आया और जबरदस्ती उसकी पुत्री का हाथ खींचने लगा। जब उसके व उसकी पुत्री ने विरोध किया तो गाली गलौच करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया।

पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी।

## सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी का क्षेत्रीय दौरा व शोक संवेदना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बिलासपुर क्षेत्र के ग्राम रामपुर बुजुर्ग निवासी कार मैकेनिक शहजान की केरल में हुई हत्या के बाद बुधवार रात गांव में उनका दफन किया गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की जानकारी मिलने पर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ग्राम रामपुर बुजुर्ग पहुंचे और मृतक शहजान के पिता रफीक अंसारी से मुलाकात कर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों को आश्वस्त किया कि कानूनी कार्रवाई में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। इस दौरान सांसद नदवी ने केरल के एक सांसद से फोन पर वार्ता कर घटना की विस्तृत जानकारी दी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।



केरल के सांसद ने भरोसा दिलाया कि वे इस मामले में पूरी तरह सहयोग करेंगे और हर संभव कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे।

इसके पश्चात सांसद नदवी स्वार क्षेत्र के ग्राम हकीमगंज पहुंचे, जहां उन्होंने शकील तेल वालों के दफन में शिर. कत की और मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने ग्राम लखीमपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सभी वर्गों और धर्मों के लोगों को साथ लेकर चल रहे हैं तथा पीडीए को एक परिवार के रूप में संगठित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीडीए की बढ़ती एकजुटता से प्रदेश सरकार परेशान है। वर्ष 2027 नजदीक है और सभी को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है तथा अखिलेश यादव को दूसरी बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है।

इसके बाद सांसद नदवी ने धावनी, पनवडिया, सितोरा, गोदी, ज्वालापुर, भैंसिया सहित कई गांवों का दौरा किया। सांसद नदवी ग्राम पर रसूलपुर फरीदपुर में आयोजित फुटबॉल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर हर गांव में खेल का मैदान बनाया जाएगा।

खेल से लोग स्वस्थ रहते हैं और फिटनेस बनी रहती है। छोटे-छोटे गांवों और मोहल्लों से ही खिलाड़ी निकलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करते हैं।

इसी क्रम में मदरसा जामिया तुल अंसार में आयोजित हकीकत वेलफेयर सोसाइटी के कार्यक्रम में सांसद नदवी ने बच्चों को तालीम की अहमियत बताते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाई में अपना लक्ष्य तय करना चाहिए। मेहनत और लगन से पढ़ाई करने पर बच्चा डॉक्टर, अधिकारी या किसी भी लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

इस अवसर पर सांसद के साथ मीडिया प्रभारी एडवोकेट महबूब अली पाशा, हाफिज नूरी, बिलासपुर नगर पालिका प्रतिनिधि अतहर खान, जमील सैफी, नासिर शेख, शाहनवाज, जुबेर अहमद, सेफ, इंतजार खान, आर। अयूब, हाजी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध निरोधक संगठन के पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध निरोधक संगठन की बैठक ग्राम माटखेड़ा में आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष रईश अहमद एडवोकेट ने कमेटी का गठन करते हुए कारी मुस्तकीम रजा व ,सरदार जयविन्द सिंह को जिला उपाध्यक्ष व जावेद मियां को जिला महासचिव तथा वसीम अहमद को ब्लॉक स्वार का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मीटिंग में संगठन के विस्तार पर जोर दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों से भविष्य में पूरी मेहनत व ईमानदारी से कार्य करने के लिए आ]वान किया गया। बैठक में कारी मकसूद रजा, तस्वीर अहमद, असवे अली, अकबर अली, मुकीम, भूरा, नन्हे, मास्टर इरफान, फरमान अली, मुजफ्फर अली, वीं।डी।सी। सदस्य नजाकत अली, मनमीत सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन कारी मुस्तकीम रजा ने किया।

# दुनियाभर में मशहूर शायर ताहिर फराज का निधन, उर्दू साहित्य जगत में शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** दुनियाभर में मशहूर शायर ताहिर फराज के निधन की खबर से उर्दू साहित्य जगत शोक की लहर है। 72 वर्ष की उम्र में उन्होंने मुंबई में आखिरी सांस ली। उनके परिवार में पत्नी के अलावा तीन बेटियां और एक बेटा शामिल हैं।

29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में जन्मे ताहिर फराज अपनी मधुर आवाज, कोमल भावों और आध्यात्मिक रंग से काव्य जगत में एक उज्ज्वल सितारे की तरह चमकते रहे।

मृतक अपने परिवार के साथ मुंबई गए थे, जहां वे एक शादी में शामिल होने और अपनी बेटी के ऑपरेशन के लिए ठहरे हुए थे। शनिवार सुबह उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश



तमाम चिकित्सा प्रयासों के बावजूद वे बच नहीं सके और अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए शोक में छोड़ गए।

ताहिर फराज ने बहुत कम उम्र में ही कविता लिखना शुरू कर दिया था और थोड़े ही समय में वे भारत के प्रमुख कवियों में से एक बन गए। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी सलाहकार परिषद के पूर्व सदस्य काशिफ खां ने ताहिर फराज के निधन पर शोक जताते हुए बताया कि गजलें हों, भजन हों, नात हों, सलाम हों या मनकबत हों, उनकी विशिष्ट शैली, जोश और संगीतमयता ने हर वर्ग के श्रोताओं के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी। गायन में उनका कोई सानी नहीं था और खानकघह नियाजिया बरेली से उनके जुड़ाव ने उनकी कविताओं को आध्यात्मिक गहराई प्रदान की।

समय बीतने के साथ-साथ, उन्हें भारत के प्रतिनिधि कवियों में से एक माना जाने लगा।

ताहिर फराज का अंतिम संस्कार मुंबई में ही किए जाने की तैयारी हो रही है।

उन्होंने बताया कि ताहिर फराज का निधन केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं, बल्कि एक पूरे युग का, एक सांस्कृतिक आवाज का और उर्दू कविता के एक महत्वपूर्ण अध्याय का अंत है। उनके निधन से गजलें खामोश हो गई हैं और शब्द अनाथ हो गए हैं।

### शायरी की दुनिया में ब्रांड थे ताहिर फराज

ताहिर फराज अपने आप में एक ब्रांड थे। वे एक जाने-माने शायर और मशहूर गीतकार थे।

ताहिर फराज अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं में अपना जादू बिखेर देते थे। उनके शब्द जादुई और उनकी आवाज मधुर थी। शायरी के माध्यम से अपनी भावनाओं को व्यक्त करने का उनका अंदाज अद्भुत था। उनकी कुछ रचनाएं श्रोताओं के बीच बेहद लोकप्रिय हैं, जिनमें से श्काश ऐसा कोई मंजर होता, मेरे कांधे पे तेरा सर होताश उल्लेखनीय है।

ताहिर को वैश्विक स्तर पर स्वीकृति, सराहना और प्यार मिला। उन्होंने अमे. रिका, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, कतर, पाकिस्तान और नेपाल सहित कई देशों की यात्रा की। उनके संगीत को टी-सीरीज जैसी बड़ी कंपनियों ने रिकॉर्ड किया है। सौलत पब्लिक लाइब्रेरी सालाहकर परिषद के पूर्व सदस्य काशिफ खां कहते हैं कि उनकी कमी कभी पूरी नहीं की जा सकेगी।

### ताहिर फराज ने दुनियाभर में रौशन किया था रामपुर का नाम

रामपुर के नवाब साहित्य प्रेमी थे। उन्होंने गजल की खघ्दिमत में कभी कोई कमी नहीं छोड़ी। गालिब ,दाग और अमीर मिनाई भी यहां आकर शायरी करते थे। तब से लेकर आज तक रामपुर साहित्य का केंद्र बना हुआ है।रामपुर चाकू के लिए मशहूर है, मगर जब शायरी का जिक्र आता है तो गजल का ताजमहल बनाने वाले एक मंझे हुए कारीगर का भी जिक्र होता है, जिसे शायरी की दुनिया में ताहिर फराज के नाम से जाना जाता है। ताहिर फराज ने प्रारंभिक शिक्षा बदायूं से हासिल की थी। 7-8 साल की उम्र से ही ताहिर फराज अपने वालिद के साथ नशिस्तों में जाने लगे, वहां वे अपने वालिद की गजलों को तरन्नुम में पढ़ते थे और यहीं से उनके कान बहर नाम की शय से वाकिफ हो गए। जब ताहिर फराज 14 बरस के थे तो उन्होंने मुकमल गजल कह दी , उनकी पहली गजल के मतले और शे'र से आप उनके शाइरी के इब्तिदाई तेवर का अन्दाजा लगा सकते हैं।।।

**थे जो अपने हुए वो पराए**
**रंग किस्मत ने ऐसे दिखाए**
**हम जो मोती किसी हार के थे**
**ऐसे बिखरे के फिर जुड़ न पाए**

ताहिर फराज का ननिहाल रामपुर था सो इंटर करने के बाद ए रामपुर आ गए और जिस तरह गजल का दिल रामपुर में लगता है उसी तरह वोभी रामपुर के ही हो कर रह गए। रामपुर में इन्हें डॉ।शौकघ असरी रामपुरी और दिवाकर राही की सोहबत नसीब हुई और वकघ्त के साथ -साथ ताहिर फराज गजल के तमाम पेचो-खम से वाकिफ हो गए। आज के दौर में उस्ताद . शागिर्द की रिवायत का चराग भी तकघ्रीबन बुझ सा गया है मगर ताहिर फराज इस मामले में नसीब वाले रहे कि उन्हें डॉ। शौकघ असरी जैसे काबिल उस्ताद मिले। सत्तर के दशक के आखघ्रि तक आते . आते ताहिर फराज शायरी की दुनिया के एक मोतबर नाम हो गए। शाइरी के साथ . साथ उन्होंने अपनी आगे की तालीम भी जारी रखी और रूहेलखंड यूनिवर्सिटी,बरेली से एम।ए उर्दू में किया। वो बशीर बद्र की शायरी से प्रभावित थे।

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी सालाहकर परिषद के पूर्व सदस्य काशिफ खां ने बताया कि उन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से रामपुर का नाम दुनियाभर में रौशन किया था।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ, रामपुर की ब्लॉक स्वार की कार्यकारिणी गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को ग्राम हरदासपुर कोठरा स्थित शिव मंदिर परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अखिल भारतीय धोबी महासंघ, रामपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक स्वार की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए चरन सिंह, जिला अध्यक्ष ने सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों को मनोनीत किया तथा दिनेश दिवाकर द्धसंगठन मंत्रीऋ को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारी इस प्रकार हैं हरपाल सिंह . ब्लॉक अध्यक्ष, लीलाधर सिंह . ब्लॉक



महासचिव, राजेंद्र सिंह दिवाकर . ब्लॉक महासचिव, नोवत राम दिवाकर . ब्लॉक संगठन मंत्री, धर्मवीर सिंह . ब्लॉक संगठन मंत्री, चंद्रसेन दिवाकर . कोषाध्यक्ष, राजपाल सिंह दिवाकर . ब्लॉक संगठन मंत्री, प्रदीप दिवाकर . ब्लॉक उपाध्यक्ष, राधेश्याम दिवाकर . ब्लॉक उपाध्यक्ष पिल दिवाकर . ब्लॉक प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है जिला अध्यक्ष चरन सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की मजबूती के लिए निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने का आहवान किया। इस अवसर पर सभी पदा. धिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया गया।

बैठक में रवि कुमार दिवाकर द्धब्लॉक अध्यक्ष सैदनगरऋ, अशोक कुमार दिवाकर द्धजिला महासं. चवऋ, सत्यवीर सिंह दिवाकर, रघुवीर शरण दिवाकर, कृपाल सिंह दिवाकर, नन्हू सिंह दिवाकर, विजयपाल सिंह दिवाकर, लीलाधर सिंह, विपिन कुमार, डॉ। एस।के।एस।, आशीष कुमार, दुर्गा प्रसाद, दीपक दिवाकर, चंद्रपाल सिंह, सर्वेश कुमार, राजवीर सिंह, सोमपाल सिंह, रोशन लाल, बलवीर, मनोज कुमार, सुरेंद्र, वीर सिंह, हीरालाल एवं मनोज विक्की सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर यूनिट की मासिक बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** रविवार को भारतीय स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन, रामपुर यूनिट की मासिक बैठक रामपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में यूनिट अध्यक्ष सुरेश कुमार सक्सैना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक को संबोधित करते हुए यूनिट सचिव रामअवतार गुप्ता ने सर्वप्रथम सभी सदस्यों को नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विगत दिनों बरेली में आयोजित पेंशनर्स एसोसिएशन के वार्षिक समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों को




सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि रामपुर निवासी कृष्ण गुप्ता अस्वस्थता के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके, जिनका स्मृति-चिह्न बरेली से प्राप्त होकर शीघ्र ही उनके निवास पर जाकर प्रदान किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि बैठक में रामपुर यूनिट के कुछ साथियों की एरियर, मेडिकल बिल एवं एचआरएमएस से संबंधित समस्याएं रखी गईं। इनमें कृष्ण गुप्ता का लंबित मेडिकल बिल भुगतान हो चुका है तथा शेष समस्याओं का समाधान भी शीघ्र किया जाएगा।

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर रामपुर मुख्य शाखा में होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं उसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने हेतु मुख्य प्रबंधक देवेश मित्रा द्वारा सभी स्टाफ पेंशनर्स को आमंत्रित किया गया है, अतः अधिक से अधिक साथियों से सहभागिता की अपील की गई।

बैठक के अंत में यूनिट के वरिष्ठ साथी एवं मार्गदर्शक आर। एन। टंडन के दिनांक 12 जनवरी को लंबी बीमारी के बाद हुए निधन पर शोक व्यक्त किया गया। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

अंत में अध्यक्ष एस। के। सक्सैना ने सभी साथियों की सक्रिय उपस्थिति के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर छात्रों ने निकाली रेली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रेली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया। रेली को तहसीलदार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को शपथ दिलाई। साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आयोजित भाषण, पोस्टर, एवं नारे लेखन में विजेता रहे छात्रों को तहसीलदार आकाश संत, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रेली निकाली गईं। नगर में



तहसीलदार आकाश संत एवं खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल निरंकारी ने हरी झंडी दिखाकर रेली को रवाना किया।

रेली इंटर कॉलेज से शुरू होकर स्वार-रामपुर, कोतवाली मार्ग, बिलासपुर तिराहे से होते हुए तहसील पहुंची, जहां पर तहसीलदार ने मतदाताओं को शपथ दिलाई। बाद में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को तहसीलदार एवं खंड शिक्षा अधिकारी के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व रेली में शामिल छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं कर्मचारी हाथों में बैनर और पोस्टर लिए मतदाता जागरूकता संबंधी नारे लगाते चल रहे थे। सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो, जन-जन को यह समझाना है, लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। इस दौरान राज आदर्श, मदर इंडिया, जन जन की यह पुकार, वोट देना हमारा अधिकार आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान हमारे बालक बालिका, जूनियर हाई स्कूल वार्ड 4, जूनियर हाई स्कूल जालफ नगला, जूनियर हाई स्कूल वार्ड 3, राजकीय रजा इंटर कॉलेज स्वार राजकीय इंटर कॉलेज रजानगर, कन्या इंटर कॉलेज आदि की छात्राओं के साथ ही नगर पालिका कर्मी एवं शिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, तहसीन आलम खां, राकेश कुमार, सोरन सिंह, कैलाश कुमार, बरकत अली, महताब खां, विनोद कुमा प्रेम बाबू सैनी, खुशीराम, दर्शन लाल, महेंद्र सिंह एवं फरजंद अली आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वीप कार्यक्रम के तहत छात्रों एवं मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी फोटो लाल ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी मतदाताओं को वोट के लिए प्रेरित एवं जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि देश की समग्र उन्नति एवं लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना अत्यंत आवश्यक एवं हमारा संवैधानिक दायित्व है। हमें चुनाव के समय स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान का हिस्सा बनना चाहिए।

## मेहर अली फिलिंग स्टेशन का भव्य उद्घाटन हुमायूं व कबीर खान ने काटा फीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी।** क्षेत्र में सुविधा और विकास की दिशा में एक नया कदम उठाते हुए मेहर अली फिलिंग स्टेशन द्धपेट्रोल पंपऋ का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हुमायूं और कबीर खान ने फीता काटकर पेट्रोल पंप का विधिवत शुभारंभ किया।

उद्घाटन के अवसर पर पेट्रोल पंप संचालक याबर अली और अनवर अली खान ने अतिथियों को पंप की सुविधाओं और व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां शुद्ध ईंधन के साथ-साथ ग्राहकों की



सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों के लिए नाश्ता और भोजन की भी समुि. चत व्यवस्था की गई थी। उद्घाटन कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों और स्थानीय लोगों की अच्छी खासी मौजूदगी रही। लोगों ने इस नए पेट्रोल पंप के शुरू होने पर खुशी जताते हुए इसे क्षेत्र के लिए लाभकारी बताया।

# छात्रा के साथ तीन छात्रों ने की छेड़छाड़

## कालेज में जमकर चली बेल्टे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** थाना क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में आज दोपहर एक छात्रा के साथ तीन बाहर के छात्रों ने छेड़छाड़ कर दी। छात्र के शोर मचाने पर इंटर कॉलेज में तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया। उसी बीच कॉलेज के छात्रों ने उन तीनों छात्रों पर जमकर बैल्टे बरसाई। इसके बाद इंटर कॉलेज में अफरा तफरी मच गई। बताया जाता है कि तीनों छात्र कॉलेज की ग्राउंड में पंजा लडाने आए थे। इसी दौरान तीनों छात्रों ने कॉलेज की लड़की के साथ छेड़छाड़ कर दी। छेड़छाड़ होने के दौरान कालेज के छात्रों में तीनों छात्रों की तबीयत से बढ़िया धुनाई कर दी। धुनाई करने के बाद तीनों छात्रों को रहरा थाना पुलिस को सौंप दिया गया। इस मामले में थाना अध्यक्ष अतिबिर सिंह चौहान से बात की गई तो उन्होंने बताया की इंटर कॉलेज के अध्यापकों ने इस मामले कोई कार्रवाई नहीं की है दोनों पक्षों में समझौता हो गया है अगर तहरीर मिलती है तो अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मतदाता दिवस पर रैली निकालकर किया जागरुक, प्रभारी निरीक्षक ने थाने में दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ज्ञान भारती इंटर कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन मतदाता दिवस एवं नारी सशक्तिकरण से संबंधित और दहेज प्रथा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। द्वितीय सत्र में दहेज प्रथा एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े नाटकों का मंचन किया गया। इसी के साथ ही मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। भाषण प्रतियोगिता में गोसिया ने प्रथम, नैंसी ने द्वितीय तथा तुलसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में कुणाल ने प्रथम, सलमान ने

### ■ लोगों को बताया मतदान का महत्त्व

द्वितीय एवं वंशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य पीजी गोस्वामी ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा कराई जा रही एसआईआर की प्रक्रिया में जरूर भाग लें। जिन लोगों के वोट नहीं हैं, वे वोट बनवाएं और बीएलओ द्वारा मांगे जाने वाले आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराएं। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी प्रभाष कुमार, इंद्रपाल सिंह, पप्पू कुमार, हरीश कुमार एवं विद्यालय में उपस्थित बूथ लेवल अधिकारी रामपाल सिंह, गोपाल सिंह, राजवीर सिंह, कुलदीप कौर, सविता रानी, कल्पना गुप्ता और डॉ.नंदिता मौजूद रहे। कोतवाली में भी मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कराई गई। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने मतदाता दिवस का महत्व बताया और सभी पुलिसकर्मियों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।



# आरएसएस ने हमेशा किया राष्ट्र हित में काम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के राम वेंकट हॉल में आयोजित हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह शिवकुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हमेशा राष्ट्र हित में कार्य किया है। देश और समाज के सामने जब भी विपरीत परिस्थितियों दिखाई दी हैं, तब तब संघ हमेशा सीना तानकर खड़ा रहा।

संघ के स्वयंसेवकों ने आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई और प्राकृतिक विपदाओं के समय भी पीड़ितों की हर संभव मदद की। उन्होंने बताया कि संघ के संस्थापक डॉ.केशव राव बलिराम हेडगेवार ने बिना किसी संसाधन बिना किसी संसाधनों व

### ■ राम वेंकट हॉल में हिन्दू सम्मेलन आयोजित

सहयोग के संग की स्थापना की और 100 वर्ष पूरे होने पर संघ वट वृक्ष के रूप में देश के साथ खड़ा है। उन्होंने समाज को पच परिवर्तन के माध्यम से परावर्तन करने का आह्वान किया। उदासीन अखाड़ा हरिद्वार से आए कपिल मुनि जी महाराज ने कहा कि दुनिया के सभी धर्म हिंदू धर्म से ही शुरू हुए हैं। हिंदू-संस्कृति सबसे पुरानी संस्कृति है, दुनिया के सभी धर्म हिंदू धर्म से ही पैदा हुए हैं अधिवक्ता सर्वेश कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदू धर्म वैज्ञानिक धर्म है। उन्होंने बताया कि दुनिया में गलत नॉरेटिव फैलाकर हिंदुओं को भ्रमित



किया गया है। कार्यक्रम में मौहल्ला बस्ती स्थित संविलियन विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया और कठपुतली कार्यक्रम के जरिए स्वच्छता की अलख जगाई। इस मौके पर कमल कुमार, जगदीप सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, प्रदीप रावत, कनिष्क भूषण शर्मा, आशीष अग्रवाल, पार्थ तिवारी, रवींद्र सिंह, संजय गौड़, परम सिंह, रेखा रानी, निशा सिंह, सिमरन गीता आदि मौजूद थे।

# मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं उपजिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव ने तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई।

इस मौके पर एसडीएम ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। हर मतदाता का वोट देश के भविष्य को दिशा देता है। मतदान लो. कतंत्र की आत्मा है और यही देश की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक मतदाता का एक-एक वोट देश के भविष्य को तय करता है। उन्होंने कहा कि लो. कतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि हर पात्र नागरिक निर्भय

### मतदाता दिवस पर एसडीएम ने दिलायी शपथ



होकर मतदान करे। एसडीएम ने अधिकारियों, कर्मचारियों, बीएलओ और सुपरवाइजरों से अपील की कि वे लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें और मतदाता सूची को शुद्ध व अद्यतन बनाए रखें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड व उपहार देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने चयनित कर्मियों को सम्मानित किया। नायब तहस. ीलदार योगेश लोधी ने बताया कि उत्कृष्ट कार्य के लिए सुपरवाइजर रमेश चंद्र, अजय जवाहर, आदर्श मांगट, निशांत चौहान, प्राची भारद्वाज, श्याम सिंह व हिमांशु तथा बीएलओ ज्योति सिंह, मणिकांत, सविता, रेखा रानी, काजल, संगीता, संदीप भाटिया, ऋषिपाल, शहाबुद्दीन और मोहम्मद फिरोज सहित अन्य कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान बीआरसी गौरव शर्मा, विकास यादव अध्यक्ष लेखपाल संघ, नायब नाजिर सौरभ कोहली, अंशु डंगवाल, मोहित चौधरी, उपेंद्र, अनुज सैनी, निशांत चौहान, शनि कुमार, रीना रानी, कविता, गुंजन, नीतू, रमेश सैनी, अमित कुमार, दिनेश कुमार, विपिन पाल, विशाल सागर, बिंटेश कुमार, रोहित यादव सहित तहसील के सभी अधिकारी, कर्मचारी, बीएलओ, सुपरवाइजर व निर्वाचन कार्य से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# मुस्लिम कमेटी ने निराले अंसारी को दी खिराजे अकीदत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** समाजसेवी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष निराले मियां अंसारी तथा शायर अमजद अमरोहवी के निधन पर मुस्लिम कमेटी की ओर से शोकसभा का आयोजन किया गया।

शनिवार रात शहर के मोहल्ला कोट स्थित आसिफ कुरैशी के आवास पर एकत्र कमेटी पदाधिकारियों ने दोनों की मगफिरत के लिए दुआ की। शुरुआत हाफिज अख्तर ने तिलावत-ए-कुरआन-ए-करीम से की। इसके बाद अब्दुल मन्नान ने नात शरीफ का नजराना पेश किया। इस दौरान समाजसेवी हाजी नासिर सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन अफसर परवेज, खालिद सिद्दीकी, आलम मंसूरी, आरिफ मलिक एडवोकेट, मुराद आरिफ एडवोकेट ने दोनों की शख्सियत को लेकर अपने विचार रखे। कहा कि दोनों ही अपनी-अपनी जगह समाज के लिए एक मिसाल थे। मुस्लिम कमेटी के एक मजबूत और जज्बाती साथी थे। उनका पुरजोश अंदाज और कमेटी से गहरी वाबस्तगी मुस्लिम कमेटी की पहचान रही। एक लंबे अरसे तक कमेटी की खिदमत की। दोनों की भरपाई आसानी से मुमकिन नहीं है। इस दौरान आरिफ कुरैशी, फराज सिद्दीकी, वसीम भारती, रियाज मंसूरी, अंसार मलिक, अता-उन-नबी खान, अबूजर, हाजी मोहसिन, इरफान कुरैशी, मोहम्मद आलम, एहसान सलमानी, वसीम अहमद सिद्दीकी मौजूद रहे।

# योगेश चौधरी बने बजरंग दल के जिला संयोजक

### ■ समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बजरंग दल जिला संयोजक अमरोहा के जिला संयोजक पद पर योगेश चौधरी का मनोनयन होने पर समर्थकों ने फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेता विपिन सागर ने कहा कि बजरंग दल ने हमेशा ही देशहित और समाजहित में कार्य किया है। योगेश चौधरी भी देश व जनसेवा की इसी श्रंखला को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर अंकित चौधरी, पियूष चौधरी, शैली चौधरी, संजीव सागर, सौरभ सिंह, भूपेन्द्र सिंह, रोहित सिद्धू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## दुष्कर्म की घटना में वांछित 5 अभियुक्त गिरफ्तार, भेजे जेल

**बीसलपुर।** थाना बीसलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर अवनीश कुमार पुत्र धर्मपाल, विकास कुमार पुत्र आनन्द कुमार, प्रशान्त गंगवार पुत्र धर्मपाल गंगवार, शरद कुमार गंगवार पुत्र राकेश कुमार व सुमित पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम जसोली थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को कस्बा बीसल. पुर द ब्रदर्स लॉन के निकट से गिरफ्तार किया गया। 22 जनवरी को थाना बीसलपुर क्षेत्रान्तर्गत वादिनी द्वारा अपनी पुत्री के साथ अभियुक्तों द्वारा बलात्कार करना एवं वीडियों बना लेने के सम्बन्ध में लिखित सूचना दी गयी। थाना बीसलपुर पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

### कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम आयोजित

# मतदाता जागरुकता दिवस पर दिलायी शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** मतदाता दिवस पर कलैक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर जिलाधिकारी श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने जागरूकता की शपथ दिलाई।

रविवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलैक्ट्रेट में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों की छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर आधारित नाटक एवं गीत प्रस्तुत किये। इसके साथ श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय और लिटिल स्कॉलर की छात्र छात्राओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर पर विस्तृत एवं गहन चर्चा की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारे देश में आजादी के समय से ही सभी को मत देने का समान अधिकार प्राप्त है। कहा कि हर एक मत का अपना महत्व है। इसलिए जब भी मतदान हो अपना वोट डालने जरूर जाये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खडगवंशी, डिप्टी कलेक्टर बृजपाल सिंह, जिला विकास अधिकारी श्रीमती सरिता द्विवेदी, पीडी अम्बरीष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 प्रवेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी मो0 दानिश मौजूद रहे।



# संगठन विस्तार के साथ सम्मान समारोह अमित मिश्रा को मिली उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**पूरनपुर।** नगर के होटल में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश द्वारा संगठन के विस्तार और सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने की।

इस दौरान पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी के एमडी अमित मिश्रा को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। मेरठ में संगठन को मजबूत करने और सक्रिय कार्यशैली के लिए जिलाध्यक्ष और स्वास्थ्य और समाज सेवा में बेहतर योगदान के लिए अमित मिश्रा को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पूरनपुर इकाई की टीम ने भी उनका उत्साहवर्धन करते हुए सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने कहा कि व्यापारी ही संगठन की असली ताकत हैं। जब व्यापारी संगठन के साथ खड़े होते हैं तो संगठन की शक्ति दोग. ुनी हो जाती है। उन्होंने कहा कि उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल सेवा भाव से काम करता है और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने कहा कि नेता चुनाव के समय आते हैं और बाद में अपने स्वार्थ में व्यापारियों को पीछे चलाने का प्रयास करते हैं, लेकिन संगठन हमेशा व्यापारियों के साथ खड़ा रहता है। व्यापार हमारे बच्चों का भविष्य है, यदि हम अपने व्यापार और संगठन के लिए समय नहीं निकालेंगे तो सब कुछ व्यर्थ हो जाएगा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीलीभीत और लखीमपुर में उनके 82 डीलर हैं, इसके बावजूद जब भी व्यापार मंडल की बात आती है तो वह आधी रात भी संगठन के लिए खड़े रहते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह किसी भी तरह की दलाली या गलत कार्य से जुड़े व्यापार में शामिल नहीं हैं और पूरी ईमानदारी के साथ संगठन की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सभी व्यापारियों से संगठन को और अधिक मजबूत करने का आह्वान किया।

# विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा यूपी

**मथुरा।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से यमुना एक्सप्रेसवे से आते हुए ऐसा लग रहा था, जैसे किसी विदेशी शहर में आ गए हों। उत्तर प्रदेश में 2027 के चुनाव में भाजपा की सरकार फिर बनेगी, इसका संदेश आज मांट की धरती से पूरे प्रदेश में चला गया है।

वृंदावन के चंद्रोदय मंदिर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि देश में चुनाव के समय पर ऐसी ताकतें सक्रिय हो जाती हैं, जो बांटने और काटने का काम करती हैं। इसी कारण से देश की जनता इन ताकतों को नकार रही है। उन्होंने ब्रजभूमि की धरती से चुनाव का भी शंखनाद किया। पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। अपने बूथों को मजबूत करें। नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सपना हम सबको मिलकर साकार करना है। आज मजदूरों को जीरामजी के माध्यम से 125 दिन का रोजगार देकर उनका सम्मान बढ़ाया गया है। गरीब, किसान, मजदूर और युवा भाजपा की नीतियों से सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, कि आज कृष्ण की नगरी में अध्यक्ष होने के बाद पहली बार मेरा प्रवास हुआ है। सभी को प्रणाम। पवित्र भूमि को नमन। अध्यक्षीय कार्यकाल की शुरुआत कृष्ण नगरी से हुई है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ ने उत्तम प्रदेश बनाया। आज हर राज्य विकास कर रहा है। उत्तर प्रदेश उसका नेतृत्व कर रहा है। आज राज्य विकास कर रहे हैं तो इसका श्रेय भाजपा कार्यकर्ताओं को जाता है। मथुरा की नगरी में भी सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दिया जा रहा है। हर सनातनी गर्व कर रहा है। आज विदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में सड़कें दिख रही हैं, पीएम ने मन की बात में स्वच्छता की बात की। प्रधानमंत्री ने हमेशा विकास योजना आगे बढ़ने को अंतिम व्यक्ति को भी जोड़ा। प्रधानमंत्री ने हमेशा विकास योजना आगे बढ़ने को अंतिम व्यक्ति को भी जोड़ा। प्रधानमंत्री को आभार व्यक्त करता हु कि समाज के हर वर्ग की चिंता की। अपने संबोधन में नितिन नवीन बोले, कि पीएम हमेशा कहते हैं। युवाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए। हम युवाओं से आग्रह करेंगे कि उत्तर प्रदेश को विकसित उत्तर प्रदेश बनाने में योगी आदित्य नाथ का साथ दें। कुछ ऐसी ताकतें काम कर रही हैं जो समाज को काटने का काम करती हैं।चुनाव आते ही सक्रिय होते हैं।

# रोटरी फ्रेंडली मैच में सनराइजर्स टीम विनर व नाइटरायजर रनर अप

**पीलीभीत।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्यापर आज रोटरी क्लब पीलीभीत फ्रेंडली मैच का आयोजन रंजीत स्टेडियम में कांटे की टक्कर के साथ सनराइजर्स टीम तथा नाइट राइजर के मध्य हुआ। 20 ओवर के मैच में सनराइजर्स टीम ने 5 विकेट से नाइट राइडर टीम को परास्त किया। सनराइजर्स टीम के कप्तान रो. गौरव अरोड़ा ने अपनी टीम डॉ अनिल सक्सेना, डॉ. प्राजंल अग्रवाल, डॉ.अमित सचान, अजीत बाजपेई, कपिल अग्रवाल, कार्तिक भसीन, विजय जायसवाल, कुलदीप आनंद, अंकुर अग्रवाल, एसपीएस संधू एवं डॉ अमित सचान के साथ विजय ट्रॉफी क्लब के सीनियर सदस्य रोटेरियन सतीश जायसवाल, क्लब अध्यक्ष डॉ अनिल सक्सेना एवं स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष रो.परविंदर सिंह सहमी से प्राप्त की। इसी क्रम में रनर टीम कप्तान डॉ योगेंद्र नाथ मिश्रा ने अपनी टीम रो. डॉ रोहित सिंह, नरेश गुप्ता, डॉ राकेश गुप्ता, परविंदर सिंह सैहमी, विकास आदि मौजूद रहे।

## 'यूपी भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन':योगी

eFk|jkA राधे राधे, वृंदावन बिहारी लाल की जय। मथुरा आए योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत राधे के नाम से की। उन्होंने कहा भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का भगवान कृष्ण की लीलाभूमि पर स्वागत है। नितिन नवीन युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं, पांच बार विधानसभा में विधायक के रूप में सेवा दे रहे हैं। भाजपा के विभिन्न पदों का निर्वहन किया। अब पीएम के मार्गदर्शन में भाजपा ने नया दायित्व दिया है। ब्रजभूमि हमारी प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। यहां की रज रज में राधारानी कृष्ण का हजारों वर्षों की विरासत का अंश आज भी है।

# अंतर-विद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन

**पिलीभीत।** स्टेयर्स फाउंडेशन के तत्वावधान में एवं आईसीवाई फ्यूज़न स्पोर्ट्स अकेडमी एसोसिएशन के सहयोग से एक भव्य अंतर-विद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के 15 से अधिक विद्यालयों ने भाग लिया, जिसमें 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

टूर्नामेंट को सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर तीन वर्गों में आयोजित किया गया। सभी वर्गों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और खेल भावना का परिचय दिया। दर्शकों और अभिभावकों में भी प्रतियोगिता को लेकर खासा




उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एएसपी विक्रम दहिया रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करता है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। आयोजन समिति में आलोक वर्मा, ओम पांडेय, खुरेंद्र सिंह एवं प्रशांत वर्मा की सक्रिय भूमिका रही, जिनके कुशल प्रबंधन से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। टूर्नामेंट के मेंटर्स अभिजीत आनंद सिंह, आशीष आनंद सिंह एंड हर्ष कंचन जो कि आईसीवाई फ्यूज़न स्पोर्ट्स अकादमी एसोसिएशन के संस्थापक भी हैं उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित करते हैं और भविष्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं। समापन अवसर पर विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।



सभी क्षेत्रवासियों को फैज़-ए-आम इण्टर कॉलेज
नंगला हरेरू की ओर से गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अहतेशाम रिज़वी
(प्रबंधक)
फैज़-ए-आम
इंटर कॉलेज
(नंगला हरेरू)
मो. 9760613993
GOD IS GREAT


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की तहे दिल से मुबारकबाद
तसव्वर अली
(विधानसभा अध्यक्ष)
सिवाल खास विधानसभा
जनपद मेरठ


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की तहे दिल से मुबारकबाद
मुमताज़ आलम
(राष्ट्रीय सचिव)
समाजवादी पार्टी
यूथ ब्रिगेड


सभी को क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी जान तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है।
गणतंत्र दिवस दें स्वच्छता का संदेश।
वेदपाल सिंह फौजी
ग्राम प्रधान जानी खुर्द


न्यू राजरानी होटल की ओर से
सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की दिली मुबारकबाद
अरशद अंसारी
(हलवा पराठे वाले)


RISHABH ACADEMY
215-A, MANDIR MARG, WEST END ROAD, MEERUT CANTT
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI, CO-EDUCATIONAL SR-SEC, ENGLISH MEDIUM SCHOOL
"EDUCATION CAN CHANGE THE WORLD"
"BEST EDUCATION IN REASONABLE FEE"
ADMISSIONS OPEN
FOR THE SESSION 2026-27
PRE-NUR TO IX AND XI
AIR CONDITIONED KINDERGARTEN
ALL STREAMS (SCIENCE, COMMERCE, HUMANITIES)
COMPUTER SCIENCE AND ARTIFICIAL INTELLIGENCE,
NEWLY OPENED RISHABH CRICKET ACADEMY, ACTIVITY BASED EDUCATION AS PER NEP 2020
CONTACT:- 0121-4302196, 9520106727, 8006267164
www.rishabhacademy.in


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. मनोज कुमार अधाना
पूर्व जिला पंचायत सदस्य, मेरठ।


सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी जान तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है।
अयान सैफी
सिवाल खास विधानसभा अध्यक्ष
यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी
भावी उम्मीदवार जिला पंचायत सदस्य वार्ड-16


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मेरी जान तिरंगा है, मेरी शान तिरंगा है।
उत्तम चौधरी (नानू फतेहपुर)
क्षेत्र पंचायत सदस्य, जानी ब्लॉक, जनपद मेरठ
रोहित चिकारा (नानू फतेहपुर)
(समाजसेवी)


सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तर प्रदेश पुलिस हर वक्त आपकी सेवा में।
मुनेश सिंह
चौकी इंचार्ज पिलोखड़ी
थाना लिसाड़ीगेट
जनपद मेरठ।


St. Thomas' English Medium School
(AFFILIATED TO COUNCIL OF INDIAN SCHOOL CERTIFICATE EXAMINATION, NEW DELHI)
(GOVERNED AND MANAGED BY THE DIOCESE OF AGRA, CNI)
Happy Republic Day
Principal, staff and students wishes you
a very Happy Republic Day.
UNITY PROSPERITY PRIDE
Jyoti Niketan, Chippi Tank, Meerut


सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मन्सूर उल इस्लाम
(शहर प्रभारी मेरठ)
प.उ.प्र. संयुक्त व्यापार मंडल


CJ DAV Public School
L-Block, Shastri Nagar, Meerut | 06399720005
www.davmeerut.org
DAV Public School
M-Pocket, Lohiya Nagar, Meerut | 06399720004
www.davpsmeerut.in
DAV ADMISSIONS OPEN
NCC
70 UP BATTALION NCC
(NATIONAL CADET CORPS)
(Junior & Senior Division)
ATAL TINKERING LAB
"Nurturing Thinkers, Tinkerers, and Trailblazers."
"Rooted in values, rising toward excellence."
Shaping confident learners through academics, activities, and sports.

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संविधान हमारी आत्मा

भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. बीआर अंबेडकर ने कहा था कि संविधान महज एक वकील का दस्तावेज नहीं है, यह जीवन का वाहन है और इसकी आत्मा हमेशा युग की भावना है। इस संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में 77वां गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए तैयार हो रहे हैं, जिसका मुख्य आकर्षण वे झांकियां हैं जो भारत की समृद्ध परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, देश की प्रगति और उपलब्धियों के आइने और भारतीय सेना, भारतीय नौसेना व एयर शो भी दिखाती हैं। गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल और बीटिंग द रिट्रीट समारोह पहले से ही सभी भारतीय राज्यों की राजधानियों में पूरे जोरों पर किया जा रहा है, लेकिन इस वर्ष इसकी तारीख, इतिहास, महत्व और थीम क्या है? भारत प्रतिवर्ष 26 जनवरी को अपना गणतंत्र दिवस मनाता है। इस वर्ष यह दिन सोमवार को पड़ रहा है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी, 1950 को भारत के संविधान को अपनाने की याद दिलाता है। भारत को 1947 में ब्रिटिश राज से आजादी मिली, लेकिन 26 जनवरी, 1950 तक भारत का संविधान लागू नहीं हुआ था। संविधान सभा का पहला सत्र 9 दिसंबर, 1946 को और आखिरी सत्र 26 नवंबर, 1949 को हुआ और फिर एक साल बाद संविधान को अपनाया गया। डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान की मसौदा समिति का नेतृत्व किया और इस दिन भारत संविधान दिवस भी मनाता है। गणतंत्र दिवस स्वतंत्र भारत की भावना का स्मरण कराता है क्योंकि इसी दिन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने औपनिवेशिक शासन से पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। गणतंत्र दिवस भारतीय नागरिकों की लोकतांत्रिक तरीके से अपनी सरकार चुनने की शक्ति का भी स्मरण कराता है, इसलिए देश इसे भारतीय संविधान की स्थापना के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय अवकाश के रूप में मनाता है। देश में गणतंत्र दिवस समारोह काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन राष्ट्रपति राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं। इसके अतिरिक्त भारत के राष्ट्रपति देश के योग्य नागरिकों को पद्म पुरस्कार वितरित करते हैं। साथ ही बहादुर सैनिकों को परमवीर चक्र, अशोक चक्र और वीर चक्र से सम्मानित किया जाता है। गणतंत्र दिवस परेड का लाइव प्रसारण और वेबकास्ट भी हर साल किया जाता है। ताकि लोग आसानी से परेड को देख सकें। स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ गणतंत्र दिवस भी देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण पर्व है।

## बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए



गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है, राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है, 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं, 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं, खेल-कूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं, महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है, नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी, वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है, महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

# आज के बच्चे और युवा ही हैं आने वाले भारत की सबसे बड़ी ताकत



26 जनवरी 2026 को जब हम भारत के गणतंत्र बनने के 76 वर्षों का उत्सव मनाते हैं, तब यह विचार और भी प्रासंगिक हो जाता है कि आने वाले भारत की दिशा, दशा और पहचान हमारे बच्चों के हाथों में सुरक्षित है। गणतंत्र दिवस हमें संविधान, अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है, और इन्हीं अधिकारों व कर्तव्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी आज के बच्चों पर है। बच्चे केवल कल के नागरिक नहीं हैं, वे आज के सक्रिय सहभागी भी हैं, जिनकी सोच, ऊर्जा और कल्पनाशीलता भारत को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती है।

भारत एक युवा देश है, जहां जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा बच्चों और युवाओं का है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश भारत की सबसे बड़ी ताकत है। यदि इन बच्चों को सही शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और नैतिक मूल्यों का आधार मिले, तो भारत न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से भी समृद्ध होगा। गणतंत्र दिवस का अर्थ केवल परेड देखना या तिरंगा फहराना नहीं है, बल्कि यह संकल्प लेना है कि हम अपने बच्चों के लिए एक ऐसा भारत बनाएं, जहां उन्हें समान अवसर, सम्मान और स्वतंत्रता मिले। बच्चों का विकास केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होना चाहिए। उनमें वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, करुणा और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है। आज का बच्चा कल का वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, किसान, कलाकार, सैनिक और नेता बनेगा। यदि बचपन में ही उनमें देशप्रेम, संविधान के प्रति सम्मान और सामाजिक न्याय की समझ विकसित की जाए, तो वे एक मजबूत लोकतंत्र की नींव रखेंगे। गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भारत का संविधान हर बच्चे को समानता, स्वतंत्रता और गरिमा का अधिकार देता है, और समाज का दायित्व है कि इन अधिकारों को व्यवहार में उतारे। शिक्षा इस पूरे विचार की धुरी है। गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा बच्चों को न

**डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सोचने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है।**

केवल रोजगार योग्य बनाती है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक भी बनाती है। ग्रामीण और शहरी, अमीर और गरीब, लड़का और लड़कीकृहर बच्चे को समान शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। डिजिटल युग में बच्चों को तकनीक से जोड़ना आवश्यक है, लेकिन साथ ही उन्हें मानवीय मूल्यों से जोड़ना भी उतना ही जरूरी है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह सो. चने की जरूरत है कि क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा सिखा रही है या सहयोग और सह-अस्तित्व का भाव भी जगा रही है। स्वास्थ्य और पोषण बच्चों के भविष्य का दूसरा महत्वपूर्ण स्तंभ है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है। कुपोषण, बाल रोग और मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं बच्चों की प्रगति में बड़ी बाधा बन सकती हैं। एक सशक्त भारत के लिए यह आवश्यक है कि हर बच्चे को पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वातावरण और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। जब हम गणतंत्र दिवस पर एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, तो हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आत्मनिर्भरता की शुरुआत स्वस्थ बच्चों से ही होती है।

बच्चों के अधिकारों की रक्षा भी एक महत्वपूर्ण विषय है। बाल श्रम, बाल विवाह, शोषण और भेदभाव जैसी समस्याएं आज भी समाज में मौजूद हैं। एक सच्चे गणतंत्र में बच्चों के लिए भयमुक्त और सुरक्षित वातावरण होना चाहिए। कानून तभी सार्थक होते हैं जब वे जमीन पर लागू हों और समाज उन्हें स्वीकार करे। बच्चों को अपनी बात रखने का अवसर देना, उनकी भावनाओं को समझना और उनके सपनों का सम्मान करना एक जिम्मेदार समाज की पहचान है। संस्कृति और नैतिक मूल्य बच्चों के चरित्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। भारत की विविध संस्कृति, भाषाएं, परंपराएं और इतिहास बच्चों को एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। गणतंत्र दिवस उन्हें यह सिखाने का अवसर है कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। जब बच्चे अपने देश की विरासत पर गर्व करना सीखते हैं और साथ ही आधुनिक विचारों को अपनाते हैं, तब एक संतुलित और प्रगतिशील समाज का निर्माण होता है। आज का बच्चा वैश्विक नागरिक भी है। दुनिया तेजी से बदल रही है और भारत के बच्चे अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना रहे हैं। विज्ञान, खेल, कला और नवाचार के क्षेत्र में भारतीय बच्चों की उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि यदि उन्हें अवसर मिले, तो वे किसी से कम नहीं हैं। गणतंत्र दिवस पर यह गर्व और जिम्मेदारी दोनों का विषय है कि हम अपने बच्चों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करें, लेकिन अपनी जड़ों से जोड़े रखें। पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता भी बच्चों में विकसित करना समय की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौतियां होंगी। यदि बच्चे प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीना सीखें, तो भारत का भविष्य अधिक सुरक्षित और टिकाऊ होगा। गणतंत्र दिवस केवल अतीत की उपलब्धियों को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि भविष्य की जिम्मेदारियों को समझने का भी दिन है, और इन जिम्मेदारियों का सबसे बड़ा वाहक आज का बच्चा है। अंततः यह कहा जा सकता है कि बच्चे भारत का भविष्य ही नहीं, वर्तमान की आशा भी हैं। उनकी मुस्कान में देश का कल छिपा है, उनकी आंखों में नए भारत का सपना बसता है।

गणतंत्र दिवस 2026 पर जब तिरंगा लहराता है और राष्ट्रगान गूंजता है, तब यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने बच्चों को केवल बड़े सपने देखने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें साकार करने के लिए भी सक्षम बनाएंगे।

सेहत का ख्याल

# वेट लॉस के लिए अपनाएं इन तरीकों को

**अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है। यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है।**

वेट लॉस के लिए सही डाइट और फिजिकल एक्टिविटी काफी जरूरी है। अगर आप रनिंग, वॉकिंग या एक्सरसाइज आदि नहीं करती हैं, तो सही खानपान होने के बाद भी आपको वेट लॉस में मुश्किल आ सकती है। हालांकि शरीर की जिद्दी चर्बी को कम करने के लिए बहुत सारे लोग रनिंग या वॉकिंग करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे जल्दी फैट बर्न होता है। साथ ही इसका सही तरीका क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि वॉकिंग या रनिंग में से कौन ज्यादा फायदेमंद होता है।



**रनिंग और वॉकिंग क्या ज्यादा बेहतर**

वेट लॉस के लिए अक्सर लोग वॉकिंग या रनिंग करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनमें से किससे फैट ज्यादा तेजी से बर्न होता है और इसको करने का सही तरीका क्या है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आप सही समय और सही तरीके से रनिंग या वॉकिंग करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। हालांकि इससे वेट लॉस कैसे और कितना कम होगा, यह सभी के लिए अलग-अलग हो सकता है। जब आप वॉक करते हैं, तो इसमें फैट ऑक्सीडेशन का उपयोग होता है। वहीं रनिंग करने में शरीर स्टोर किए हुए ग्लाइकोजन का इस्तेमाल होता है। ऐसे में जब हम वॉक करते हैं, तो हमारी बॉडी फैट बर्निंग जोन में होता है। वहीं इस दौरान फैटी एसिड्स और फैट सेल्स का ब्रेकडाउन होता है। बाद में यह एटीपी के फॉर्म में ऑक्सीडाइड हो जाते हैं। अगर आसान भाषा में इसको समझा जाए, तो इससे बॉडी में ज्यादा एनर्जी मिलती है। जब आप रनिंग करते हैं, तो बॉडी के पास एनर्जी लेने का पर्याप्त समय नहीं होता है। इस दौरान शरीर को फौरन एनर्जी चाहिए होती है। इसलिए रनिंग के समय ग्लाइकोलिसिस एक्टिवेट होते हैं। हालांकि यह पूरी तरह से एनर्जी के लिए कार्ब्स और लिवर पर निर्भर होते हैं।

एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप वेट कम करना चाहती हैं, तो आपको चलने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं वेट लॉस के लिए वॉकिंग एक बेहतर ऑप्शन है।

यदि आप पेट की जिद्दी चर्बी को कम करना चाहती हैं, तो ज्यादा से ज्यादा वॉक करना चाहिए। इससे हमारी बॉडी फैट ऑक्सीडेशन मोड में आ जाती है। इस दौरान शरीर खुद को एनर्जी देने और चार्ज करने के लिए यह जमा किए फैट का इस्तेमाल करता है। साथ ही यह हार्मोन्स के लिए भी अच्छा होता है। कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ के लिए रनिंग फायदेमंद माना जाता है। वहीं एनर्जी के लिए जमा किए हुए कार्ब्स का इस्तेमाल करती है। ऐसे में रनिंग करने से फैट से ज्यादा कार्ब्स बर्न होते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और औपनिवेशिक विरासत का अनोखा मेल है कसौली

हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में स्थित कसौली एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक और शांत पहाड़ी स्थल है। समुद्र तल से लगभग 1,900 मीटर की ऊंचाई पर बसा कसौली अपनी हरियाली, शांत वातावरण, औपनिवेशिक इमारतों और मनोरम .श्यों के लिए जाना जाता है। यह एक आदर्श स्थान है उन लोगों के लिए जो भीड़भाड़ और शोरगुल से दूर कुछ सुकून के पल बिताना चाहते हैं।

**कसौली का इतिहास और विशेषता**

कसौली की स्थापना 1842 में ब्रिटिश राज के दौरान एक सैन्य छावनी के रूप में हुई थी। यहां आज भी कई ब्रिटिश-युग की इमारतें और चर्च मौजूद हैं, जो इसके इतिहास को जीवंत बनाए रखते हैं। साथ ही, यहां की प्राकृतिक सुंदरता और साफ-सुथरी जलवायु इसे एक बेहतरीन हिल स्टेशन बनाती है।

**प्रमुख आकर्षण**

1. **मंकी पॉइंट**

कसौली का सबसे ऊंचा स्थान मंकी पॉइंट है, जहां से सतलुज नदी, चंडीगढ़ और शिमला के .श्य साफ दिखाई देते हैं। यहां एक छोटा हनुमान मंदिर भी है, जो धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य दोनों के लिए प्रसिद्ध है।

2. **गिल्बर्ट ट्रेल**

प्राकृतिक प्रेमियों और वॉकिंग के शौकीनों के लिए यह एक आदर्श जगह है। यह पगडंडी देवदार और ओक के पेड़ों के बीच से गुजरती है और यहां की शांति आत्मा को सुकून देती है।

3. **क्राइस्ट चर्च**

1853 में बना यह चर्च कसौली की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। इसकी गोथिक शैली की वास्तुकला और रंगीन कांच की खिड़कियां देखने लायक हैं।

4. **सनसेट पॉइंट**

शाम के समय यहां से सूर्यास्त का .श्य अत्यंत मनमोहक होता है। पहाड़ियों के बीच सूरज को डूबते हुए देखना एक अविस्मरणीय अनुभव है।

5. **कसौली**

यह एशिया की सबसे पुरानी डिस्टिलरी मानी जाती है, जो अब भी संचालित हो रही है। यह ब्रिटिश काल की विरासत को संजोए हुए है।

**कसौली में करने योग्य गतिविधियां**

- प्राकृतिक ट्रेल्स पर वॉकिंग और ट्रेकिंग
- स्थानीय बाजारों में शॉपिंग हस्तशिल्प, ऊनी वस्त्र, जैम आदि
- फोटोग्राफी और बर्ड वॉचिंग
- चर्चों और औपनिवेशिक इमारतों की खोज
- शांत वातावरण में ध्यान और योग

**यात्रा का सर्वोत्तम समय**

मार्च से जून- गर्मियों में ठंडक का आनंद लेने के लिए उपयुक्त।

सितंबर से नवंबर- साफ आसमान और हरियाली देखने के लिए।

दिसंबर से फरवरी- बर्फबारी का आनंद लेने वालों के लिए बेहतरीन समय।

कसौली एक ऐसा पर्यटन स्थल है जहां प्रकृति की गोद में शांति, सौंदर्य और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श स्थान है जो जीवन की दौड़-भाग से दूर कुछ पल सुकून और ताजगी के साथ बिताना चाहते हैं।



दिल्ली से मुनस्यारी आराम से और बहुत कम पैसे में पहुंच सकते हैं। इसके लिए आप हिमाचल रोडवेज बस सर्विस या फिर प्राइवेट बस लेकर पहुंच सकते हैं। दिल्ली में स्थित कश्मीरी गेट बस स्टैंड से कसोल के लिए डायरेक्ट बस चलती रहती हैं। दिल्ली से कसोल का जाने का बस किराया करीब 400-500 रूपए लगते हैं। हालांकि, प्राइवेट बस का किराया 1000-1500 रूपए से अधिक हो सकता है।

दिल्ली से कसोल के लिए डायरेक्ट ट्रेन नहीं चलती है। इसके लिए आपको जोगिंदर नगर रेलवे स्टेशन पहुंचना होगा। जोगिंदर नगर से बस लेकर आप कसोल पहुंच सकते हैं। इसके अलावा सबसे पास कुल्लू-मनाली एयरपोर्ट है। कुल्लू से लोकल बस या टैक्सी लेकर आराम से पहुंच सकते हैं।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां कई होटल और रिसॉर्ट आसानी से मिल जाते हैं। अगर आप सस्ते में रूम बुक करना चाहते हैं, तो फिर आपको मुख्य शहर से कुछ दूरी पर बुक करना चाहिए।

कसोल में ठहरने के लिए आप यशी कसोल कॉटेज, शांति होटल, ग्रीन पार्क कॉटेज, चलो कसोल गेस्ट हाउस और शिवालय गेस्ट हाउस में रूक बुक कर सकते हैं। इस होटल और कॉटेज में करीब 500 से लेकर 800 रूपए में रूम मिल जाते हैं। इन होटल्स में खाने-पीने और वाई-फाई की भी सुविधा मिल जाती है।

कसोल हिमाचल प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। इसलिए यहां खाने-पीने जगहों की भरमार है। यहां आप स्ट्रीट फूड से लेकर बड़े-बड़े रेस्तरां में भी भोजन का स्वाद चख सकते हैं। (उत्तराखंड की सबसे खूबसूरत वैली) कसोल में आप पारंपरिक भोजन खसखस का हलवा, कढ़ी और सिदू का स्वाद चखना ना भूलें। स्ट्रीट फूड में आप आलू टिक्की, समोसे, कचोरी और छोले भटूरे का स्वाद चख सकते हैं। वैसे जिस होटल में रूम बुक करते हैं, उस होटल में भी खाने-पीने की व्यवस्था हो सकती है।

(साभार प्रीटी)

# सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं











































